वर्ष- 22 अंक - 120 cityblastindore@gmail.com RNI NO. MPHIN/2005/15582 fb.com/cityblastindore मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, मंगलवार 13 अक्टूबर 2026

## भारत का डंका अमेरिका-चीन सब पीछे

नई दिल्ली ● एजेंसी

भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने अच्छी खबर दी है। आईएमएफ का अनुमान है कि भारत की अर्थव्यवस्था 2026 और 2027 में सात प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। इसके साथ ही भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। आईएमएफ ने जुलाई में उसने 2026 के लिए 6.4 प्रतिशत की विकास दर का अनुमान लगाया था। अब इसे बढ़ाकर सात प्रतिशत कर दिया गया है। एक तरह से विकास के मामले में भारत ने अमेरिका-चीन को पीछे छोड़ दिया है।

## कांग्रेस दफ्तर पहुंचे थे 860 करोड़

**रायपुर.एजेंसी।** छत्तीसगढ़ शराब घोटाले में 860 करोड़ रुपये नकद कांग्रेस मुख्यालय पहुंचने का ईडी ने दावा किया है। मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे समेत अब तक नौ आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

## बिरयानी खाओ लेकिन हिन्दू दुकानों से

**सिलीगुड़ी.एजेंसी।** सिलीगुड़ी में दुर्गा पूजा के बीच मांस और बिरयानी हिंदू दुकानों से ही खरीदने की अपील की गई। इस तरह के पोस्टर राज्य के मंत्री शंकर घोष के घर के सामने भी लगाए गए।

## दिवाली बाद उप्र में डेरा डालेंगे बड़े-बड़े

**लखनऊ.एजेंसी।** उत्तरप्रदेश में होने वाले चुनाव के लिए सरगर्मी शुरू हो चुकी है। दिवाली बाद मोदी और अमित शाह जैसे भाजपा के तमाम बड़े नेता उत्तरप्रदेश में डेरा डालेंगे। वाराणसी में बुधवार से काशी-गोरक्ष प्रांत विधानसभा प्रभारियों-विस्तारकों की अहम बैठक होगी।

# बंकर में छिपे प्रिंस

रियाद ● एजेंसी

हूती विद्रोहियों के बढ़ते हमलों के बीच सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान सहित उनके पूरे शाही परिवार की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान सावधानी के तौर पर भारी सुरक्षा वाले बंकर युक्त महलों के बीच लगातार ट्रांसफर हो रहे हैं यानी उनकी लोकेशन लगातार बदली जा रही है। शाही परिवार को बंकर में शिफ्ट किया गया है।



क्राउन प्रिंस पिछले करीब एक हफ्ते से सार्वजनिक रूप से नजर नहीं आए हैं।

## रूस में भालुओं का कत्लेआम! 9 महीने में 3500 मारे गए

**मास्को.एजेंसी। रूस में साल 2026 की शुरुआत से अक्टूबर के पहले हफ्ते तक करीब 3,500 भालुओं को मार दिया गया। अकेले साइबेरिया में करीब 2,200 और सुदूर पूर्व में 1,100 से ज्यादा भालुओं को मारा गया। उन भालुओं को मारने की कार्रवाई की गई जिन्हें इंसानों के लिए खतरा माना गया।**

## सौरव दास और आशुतोष रांका फिर हिरासत में

### विपक्ष के 12 अक्टूबर के प्रदर्शन को लेकर दो एफआईआर दर्ज

नई दिल्ली ● एजेंसी

कॉकरोच जनता पार्टी के सौरव दास और आशुतोष रांका को पुलिस ने फिर हिरासत में लिया है। ये दोनों जंतर-मंतर पहुंचे थे। जहां कल ही प्रदर्शन पर रोक लगाई गई थी। इस बीच पुलिस ने विपक्ष को 12 अक्टूबर के प्रदर्शन को लेकर दो एफआईआर दर्ज की है। उधर राहुल गांधी ने आज इंडिया ब्लॉक के सांसदों को हाईटी पर बुलाया है। जबकि जंतर-मंतर पर रोक लगाने के मामले में आज हाईकोर्ट में सुनवाई हो गई।

## रामलीला के हिसाब-किताब को लेकर 2 सगे भाइयों समेत 3 की हत्या

**पीलीभीत.एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के पीलीभीत के अमरिया कस्बे में रामलीला मेले के हिसाब-किताब को लेकर हुए विवाद में तीन लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतकों में दो सगे भाई अंकित गुप्ता और मोहित गुप्ता शामिल हैं, जबकि तीसरा मृतक 15 वर्षीय कुणाल श्रीवास्तव है।

## अभिनेत्री गिरफ्तार

**न्यूयॉर्क.एजेंसी।** अभिनेत्री सेल्मा ब्लेयर को न्यूयॉर्क में उड़ान के दौरान दो विमान परिचारिकाओं को कथित रूप से घायल करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया।

## न्यूयॉर्क में दुर्गा पूजा की धूम

**न्यूयॉर्क.एजेंसी।** अमेरिका में न्यूयार्क के विश्व प्रसिद्ध टाइम्स स्क्वायर में दुर्गा उत्सव' का भव्य आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में प्रवासी बंगालियों, अमेरिका के विभिन्न राज्यों से आए श्रद्धालुओं, अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों और स्थानीय निवासियों ने इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## लौकी से रोज 50 हजार

**बेंगलुरु.एजेंसी।** बेंगलुरु के रहने वाले किसान कारिगौड़ा लौकी से रोजाना लगभग 50,000 रुपए की मोटी कमाई कर रहे हैं। वे छोटी लौकी उगाते हैं और खाड़ी देश विशेषकर कतर के बाजारों में फसल सप्लाय करते हैं।



# पूर्व विधायक अर्पण कराएंगे ढाई किलोमीटर लम्बी चुनरी

## रविवार को निकलेगी बड़ा गणपति से माँ बिजासन तक यात्रा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

कुछ गेप के बाद पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता रविवार 18 अक्टूबर को सुबह 10 बजे बड़ा गणपति से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की मौजूदगी में बिजासन माता के दरबार तक चुनरी यात्रा निकालेंगे। लाखों सितारों से सजी 2.5 कि.मी. लम्बी चुनरी पूर्ण होने के बाद माँ को अर्पण की जाएगी। सैकड़ों की संख्या में चुनरी रक्षक तैनात रहेंगे जो यातायात को बाधित नहीं होने देंगे, तीन समानान्तर वैकल्पिक मार्ग भी रहेंगे। आज मीडिया से चर्चा करते हुए पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता ने बताया कि कुछ गेप के बाद खासतौर से मातृशक्तियों के आग्रह पर फिर से यह चुनरी यात्रा प्रारंभ की गई है। यह धार्मिक यात्रा बड़ा गणपति से अग्रसेन चौराहा, कालानी नगर चौराहा से एयरपोर्ट थाना के सामने बड़ा मंच बनेगा वहां पहुंचेगी। रास्ते में जगह-जगह माँ की चुनरी और माता के भक्तों का स्वागत होगा। बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष, युवा भी शामिल होंगे। यातायात परिवर्तित भी होगा। एयरपोर्ट जाने वाले यात्रियों को छोटा बांगड़दा से सुपर कारिडोर होते हुए एयरपोर्ट जाना होगा। बिजासन मार्ग फोर लेन है और टू-लेन पर चुनरी यात्रा निकलेगी और टू-लेन पर यातायात पूरी तरह चालू रहेगा। जहां-जहां मंचों से स्वागत होगा वहां सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं किया जाएगा। मंच से खिचड़ी, छाछ, फल, जल वितरित होगा, जो कागज से बनी हुई प्लेट का उपयोग करेंगे। सूरत के मुस्लिम कारीगरों द्वारा माँ बिजासन को अर्पण करने वाली 2 लाख सलमा सितारों वाली चुनरी में चमक के साथ गोटे और अन्य वस्तुएं लगाई गई है। यात्रा के दौरान कई संत भी बग्घी में बैठकर यात्रा में शामिल रहेंगे। एयरपोर्ट थाना के सामने मंच पर प्रमुख नेता संबोधित करेंगे। निमंत्रण मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, नरेन्द्रसिंह तोमर, हेमंत खंडेलवाल और बड़े नेताओं के अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी दिए गए हैं।



## सांसद लालवानी ने किया अनुष्ठान

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। बिजासन रोड स्थित श्री श्रीविद्याधाम पर शारदीय नवरात्रि महोत्सव में चल रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में सांसद शंकर लालवानी ने आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के पावन सानिध्य में मालवा क्षेत्र में सुखद वर्षा की मंगल कामना एवं अन्य आपदाओं के निवारण हेतु विशेष वैदिक आहुतियों के साथ माँ पराम्बा ललिता त्रिपुर महासुंदरी भगवती की आराधना की। 21 विद्वानों ने इस यज्ञ के माध्यम से समूचे अंचल में सुखद वर्षा की कामना के साथ ही जल संकट के निवारण एवं जनमानस पर भगवती की कृपा की कामना से आहुतियाँ समर्पित की।

# भाजपा की महिलाओं ने फूंका राहुल गांधी का पुतला

## कांग्रेस सांसद पर लगाया आरोप, क्यों रही लोकसभा में नेताप्रतिपक्ष और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष की चुप्पी



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा के आह्वान पर कल प्रदेश के साथ इंदौर में भी लोकसभा में नेताप्रतिपक्ष राहुल गांधी का पुतला राजवाड़ा पर जलाया। राहुल गांधी का पुतला इसलिए जलाया गया कि कांग्रेस के सांसद डॉ. अंगोमचा बिमोल अकोइजम पर छात्राओं द्वारा यौन दुर्व्यवहार के आरोप है और इस आरोप के मामले में लोकसभा में नेताप्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की चुप्पी रही इसीलिए भाजपा की मातृशक्तियों ने महिला सम्मान के मुद्दे पर दोनों ही नेताओं से सांसद के मुद्दे पर जवाब भी मांगा। भाजपा की मातृशक्तियों ने कहा कि नारी सम्मान पर कांग्रेस का दोहरा चरित्र उजागर हुआ है। महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष श्रेष्ठा जोशी ने कहा कि बच्चियों की अस्मत से खिलवाड़ करने वाले को संसद में रहने का कोई अधिकार नहीं है। राहुल गांधी का पुतला जलाने के पहले पुतले की शवयात्रा निकाली और पुतले को चप्पल-जूते से महिलाओं द्वारा पीटा गया और जमकर नारेबाजी भी की। श्रेष्ठा जोशी, उमाशशि शर्मा, नारायणी बरेठा, रचना विजयवर्गीय, राधा कुशवाह, ममता बिरथरे, मीनू शर्मा, लीना बाहेती, युक्ता बर्ब, सोनिका केजरीवाल, गायत्री कुमावत, जुली एमीयूल सहित बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता उपस्थित थीं।





# जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेडे ने पोस्टर के माध्यम से बताए तीन गद्दार

## बडी तादाद में पुलिस ने दिल्ली में घेरा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेडे कल कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। दिल्ली मार्च में विपिन वानखेडे ने अपने हाथ में एक पोस्टर उठा लिया था जिसमें मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को प्यार करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय मंत्री अमित शाह को दिखाया। यह पोस्टर सही मायने में एनएसयूआई की राष्ट्रीय टीम ने बनवाया था जिसे विपिन वानखेडे ने ऊपर उठाकर हाथ में लहराया रखा। इस पोस्टर में ऊपर लिखा था भारत देश के तीन गद्दार जिसमें मोदी, शाह और ज्ञानेश कुमार नजर आ रहे थे। इस दौरान बडी संख्या में पुलिस ने विपिन वानखेडे को घेर लिया था। इस दौरान विधायक विक्रांत भूरिया भी वानखेडे के साथ पुलिस से घिरा गए थे।



# भाजपा नेता जोगी ने किया सैकड़ों कन्याओं का पादपूजन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

भाजपा नेता पिंटू जोगी पिछड़ा वर्ग मोर्चा नगर अध्यक्ष निखिल सोनी एवं बाबा बाल हनुमान सेवा समिति द्वारा आयोजित 1111 कन्याओं के पाद पूजन कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का संकल्प भी मौजूद श्रद्धालुओं को दिलाया गया। कन्या पूजन के पहले अनुष्ठान किए गए और फिर पूजन के बाद भोजन प्रसादी का आयोजन भी किया गया। साधु-संतों का भी आशीर्वाद मिला।



## पूर्व विधायक भी इंडिया गठबंधन के मार्च में हुए शामिल

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। लोकसभा में नेताप्रतिपक्ष राहुल गांधी के आह्वान पर कल दिल्ली में संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए इंडिया गठबंधन का मार्च बाराखंभा रोड से सुप्रीम कोर्ट तक निकाला गया। इंदौर से भी कई कांग्रेस नेता पहुंचे थे। पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल ने भी इस मार्च में शिरकत की। पटेल ने अपने साथियों के साथ लोकतांत्रित व्यवस्था की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए अपनी आवाज बुलंद की।

# एमआईसी सदस्य ने किया शेड निर्माण कार्य का लोकार्पण



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

नगर निगम द्वारा शहर में खेल सुविधाओं के विस्तार एवं खिलाड़ियों को बेहतर अधोसंरचना उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नेहरू स्टेडियम में शूटिंग रेंज तथा छत्रपति शिवाजी महाराज कुश्ती खेल परिसर के कुश्ती एरिना में शेड का निर्माण कराया गया है। एमआईसी सदस्य नंदकिशोर पहाड़िया ने दौरा कर बताया कि नेहरू स्टेडियम में शूटिंग रेंज का निर्माण 4 लाख 88 हजार 253रुपये की लागत से किया गया है। इसी क्रम में छत्रपति शिवाजी महाराज कुश्ती खेल परिसर में कुश्ती एरिना पर शेड का निर्माण 11 लाख 14 हजार 433 रुपये की लागत से कराया गया है। इन निर्माण कार्यों से खिलाड़ियों को अभ्यास एवं खेल गतिविधियों के संचालन में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। कार्यक्रम में विधायक महेन्द्र हार्डिया, रमेश मेंदोला, नंदकिशोर पहाडिया, अमित जोशी, अशोक सेन, सचिन जैन, हिमांशु दीक्षित, राकेश सिरसिया एवं जैन सर, हरगोविंद ऐरवाल, आशीष कोठारी, शशांक लाहोरे मौजूद थे।

# मेंदोला और जिराती के गरबा आयोजनों में विवाद



## कनकेश्वरी गरबा में भिड़े पक्ष, तो सादगी गरबा में महिलाओं से छेड़छाड़ का आरोप

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

शहर में गरबा प्रस्तुति के विभिन्न आयोजन चल रहे है। इन आयोजन में वैसे तो पुलिस व्यवस्था है लेकिन इसके बावजूद विवाद हो रहे है। कल विधायक रमेश मेंदोला के कनकेश्वरी आयोजन में दो पक्षों के विवाद का मामला सामने आया है। वहीं पूर्व विधायक जीतू जिराती के सादगी गरबा आयोजन में महिलाओं से अभद्रता करने वालों को बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने सबक सिखाया।

बड़े गरबा आयोजनों में महिला सुरक्षा को लेकर बजरंग दल और हिन्दूवादी कार्यकर्ता भी तैनात है। ऐसे में जैसे ही कोई भी हरकत की जानकारी हिन्दूवादियों को मिलती है तो वे सक्रिय हो जाते है। सादगी गरबा में बजरंग दल कार्यकर्ताओं को तीन युवकों द्वारा महिलाओं के साथ अभद्रता की सूचना मिली तो मौके पर पहुंचकर कार्यकर्ताओं ने उन्हें सबक सिखाया और द्वारकापुरी पुलिस को सौपा। पुलिस ने इन युवकों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है।



उधर कनकेश्वरी गरबा में हुए विवाद में भी पुलिस ने हस्तक्षेप किया और दोनों पक्षों को गरबा स्थल से हटाया।

## यूपीआई लेन-देन पर एमडीआर के नाम पर

# 146 लाख करोड़ का बोझ-कांग्रेस

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

यूपीआई लेन-देन पर एमडीआर के नाम पर आम जनता पर पड़ने वाले संभावित बोझ को लेकर प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता आनंद जैन कासलीवाल ने कहा की 75 प्रतिशत ट्रांजैक्शन 2000 के होते हैं तो 25 परसेंट के हिसाब से भी 9000 करोड़ का बोझ इस देश की जनता पर यूपीआई ट्रांजैक्शन करने पर पड़ेगा। आज देश में डिजिटल और यूपीआई लेन-देन तेजी से बढ़ रहा है। सरकार की ओर से यूपीआई को बढ़ावा दिया गया है और आम जनता भी रोजमर्रा के भुगतान के लिए इसका व्यापक इस्तेमाल कर रही है। ऐसे में यूपीआई लेन-देन पर एमडीआर लागू किए जाने की चर्चा स्वाभाविक रूप से आम उपभोक्ता और छोटे व्यापारियों के लिए चिंता का विषय है। देश में मोटे तौर पर तौर प्रतिदिन 100 करोड़ के यूपीआई लेन-देन होता है। प्रतिदिन यूपीआई लेन-देन 100 करोड़ 30 दिन में 3,000 करोड़, 365 दिन में 36,500 करोड़ 0.4 प्रतिशत एमडीआर की दर से 36,500 करोड़ का 0.4 प्रतिशत 146 करोड़ प्रतिवर्ष अर्थात, यदि पूरे 36,500 करोड़ के वार्षिक लेन-देन पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर लागू हो, तो एमडीआर की गणना के अनुसार राशि 146 करोड़ रु. प्रतिवर्ष होगी। जैसा कि सरकार कह रही है कि 25% ही ट्रांजैक्शन 2000 के ऊपर के होते हैं उसमें भी 9000 करोड रुपए की जनता को एमडीआर चार्जेस के नाम पर वसूले जाएंगे। सरकार की ओर से यह कहा जा रहा है कि लगभग 96% लेन-देन एमडीआर के दायरे से बाहर रहेंगे। लेकिन कांग्रेस का सवाल है कि वास्तविक जीवन में इसका प्रभाव केवल कागज पर एमडीआर के दायरे में आने वाले लेन-देन की संख्या से नहीं समझा जा सकता। आज महंगाई के दौर में बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं की खरीदारी 2,000 रु. से अधिक की होती है। ऐसे में यदि किसी लेन-देन पर व्यापारी को एमडीआर देना पड़ता है, तो यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि उसका आर्थिक भार अंततः कौन उठाता है। व्यापारी के सामने एमडीआर जैसी अतिरिक्त लागत आने पर उसके पास कीमतों, मार्जिन अथवा अन्य व्यावसायिक खर्चों में बदलाव करने के विकल्प हो सकते हैं। इसलिए यह कहना कि ग्राहक से सीधे एमडीआर नहीं लिया जाएगा, अपने आप में यह प्रमाण नहीं है कि इसका अप्रत्यक्ष आर्थिक प्रभाव आम उपभोक्ता पर नहीं पड़ेगा। कांग्रेस का आरोप है कि सरकार एक तरफ करों और शुल्कों में राहत देने की बात करती है, जबकि दूसरी ओर डिजिटल लेन-देन की लागत के माध्यम से अप्रत्यक्ष रूप से आर्थिक बोझ बढ़ाने की व्यवस्था की जा रही है। सरकार यदि यह कहती है कि श्उे से उसे प्रत्यक्ष राजस्व प्राप्त नहीं होगा, तब भी कांग्रेस का सवाल है कि यदि व्यापारी की लागत बढ़ती है और वह लागत वस्तुओं एवं सेवाओं की कीमतों में शामिल होती है, तो उसका अंतिम प्रभाव उपभोक्ता पर पड़ सकता है। इसलिए सरकार को स्पष्ट करना चाहिए किः

1. एमडीआर की वास्तविक दर और दायरा क्या होगा?
2. इसका भुगतान किस पक्ष द्वारा किया जाएगा?
3. क्या किसी भी परिस्थिति में यह लागत ग्राहक तक पहुँच सकती है?
4. छोटे व्यापारियों पर इसका वास्तविक आर्थिक प्रभाव क्या होगा?
5. सरकार इस व्यवस्था के कारण उपभोक्ताओं पर पड़ने वाले अप्रत्यक्ष प्रभाव की निगरानी कैसे करेगी?

कुल मिलाकर छोटे व्यापारियों और आम उपभोक्ताओं पर यह बोझ पड़ेगा जिससे आम आदमी महंगाई से त्रस्त है और उस पर यह चार्ज और उसकी परेशानी का कारण बनेगा। सरकार उनकी परेशानी को तो दूर नहीं कर रही है मध्यम वर्गीय व्यापारियों और व्यक्तियों की और बढ़ा रही है और जनता के सामने गलत आंकड़ों को पेश कर रही है। उक्त पूर्ण जानकारी प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता आनंद जैन कासलीवाल ने दी।

## विधायक और पार्षद ने महिलाओं को किया बगलामुखी यात्रा के लिए रवाना

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**



विधानसभा 5 के वार्ड 47 की गोमा की फेल से बड़ी संख्या में मातृशक्तियां माता की भक्ति के लिए आज बगलामुखी माता दरबार के लिए रानीसती गेट के पास आयोजन के बाद बसों से रवाना हुई। विधायक महेन्द्र हार्डिया और एमआईसी सदस्य के साथ क्षेत्रीय पार्षद नन्दकिशोर पहाड़िया ने हरी झंडी दिखाई। इस दौरान भाजपा नेता रघु यादव, राम पटेल, लक्ष्मी मनोज पहाड़िया, कैलाश पिपले सहित अन्य भी मौजूद थे।

## केन्द्रीय मंत्री कोई कार्रवाई करते हैं तो शासन को जवाब देना चाहिए-कांग्रेस

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी ने सीधे-सीधे आरोप लगाया कि इस समय प्रदेशभर में अलग-अलग तरह के माफियाओं को संरक्षण मिल रहा है। वन भूमि पर कब्जा सालों से माफिया कर रहे हैं। द्विवेदी ने यह भी आरोप लगाया कि प्रदेश के सैकड़ों एकड़ भूमि पर माफियाओं का कब्जा है, इनमें कई जगह भाजपा नेताओं का संरक्षण भी है। अगर इन मुद्दों पर केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराजसिंह चौहान अगर धरना देते हैं तो क्या उस मामले में शासन जवाब देगा। द्विवेदी ने भूमाफियाओं पर कार्रवाई पर सवालिया निशान भी खड़ा किया।

## सनातन सेवा संघ कल निकालेगा देवास तक पदयात्रा और शोभायात्रा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** राष्ट्रीय सनातन सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं आयोजक पं. तरुण व्यास महाराज ने बताया कि अखंड भारत निर्माण एवं गौमाता को राष्ट्रीय माता का दर्जा दिलाने के संकल्प को लेकर बड़े रूप में कल 14 अक्टूबर दोपहर 3 बजे भोलेनाथ कालोनी एयरपोर्ट रोड से देवास तक पदयात्रा और शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा राधाकृष्ण मंदिर, जैन मंदिर से होते हुए बड़ा गणपति होते हुए आगे बढ़ेगी। माँ तुलजा भवानी गरबा मंडल की 101 बालिकाएं एवं 101 मातृशक्तियों को सांसद शंकर लालवानी, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, समाजसेवी वीरेन्द्र गुप्ता, निखिल सोनी, कैलाश बागोरा के आतिथ्य में पुरस्कृत किया जाएगा। इसके बाद जो पदयात्री है उनका भी सम्मान किया जाएगा। बड़ा गणपति से इमली बाजार, चिमनबाग, पाटनीपुरा, विजय नगर होते हुए एबी रोड से यह यात्रा देवास माताजी टेकरी पहुंचेगी, जहां दोनों माताओं को ध्वजा समर्पित करते हुए माताओं क़ा अनुष्ठान किया जाएगा। यह पैदल यात्रा पूर्ण होने और अनुष्ठान, ध्वजा अर्पण के बाद सभी यात्रियों को बसों से इंदौर लाया जाएगा। पदयात्रा में जल सेवा, कीर्तन के लिए डीजे, झांकिया, राजस्थान ढोल, घोड़ा-बग्घी सभी रहेंगे। आयोजन से तरुण व्यास महाराज दिनेश व्यास, नितिन पालीवाल, धर्मेश यादव, अनिकेत मराठा, राहुल जोशी, गोलू सेन सहित अन्य जुड़े हैं।

## मुकेश भारती बने प्रदेश अध्यक्ष

**इंदौर सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** राष्ट्रीय हिंदू परिषद द्वारा मध्य प्रदेश में संगठनात्मक गतिविधियों को सशक्त बनाने तथा सनातन संस्कृति, भारतीय परंपराओं एवं सामाजिक सरोकारों से जुडे कार्यों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से इंदौर निवासी उच्च न्यायालय, इंदौर खंडपीठ के अधिवक्ता मुकेश भारती गोस्वामी को प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गया। नियुक्ति पर कई हिन्दूवादियों और अधिवक्ताओं सहित अन्य ने बधाई दी।



# मेट्रो के काम के कारण आ रही है बिजासन के दूसरे सीढ़ी वाले रास्ते में दर्शनार्थियों को दिक्कत

## सुपर कारिडोर से माता के लिए दूसरा रास्ता है बंद, विमानतल के पास से रास्ते पर बढ़ा है लोड, दूसरे रास्ते पर दुकानदार भी परेशान



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

शारदीय नवरात्रि के दो दिन पूर्ण हो चुके हैं। इस बार पहला दिन रविवार को आया तो पहले ही दिन माँ बिजासन के दर्शन करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। बहुत सारे लोग माता के दर्शन करने सुपर कारिडोर वाले रास्ते से भी सीढ़िया चढ़कर ऊपर पहुंचते हैं। इन दिनों मेट्रो का काम विमानतल के थोड़ा आगे से लेकर सुपर कारिडोर के पहले तक चल रहा है और रास्ते का डायवर्सन भी किया हुआ है। डायवर्सन वाले रास्ते से माँ बिजासन का दूसरा रास्ता नहीं आ रहा है, जो लोग रास्ता ढूंढ लेते हैं वे थोड़ा आगे से पलटकर वन-वे से माँ के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं, यह तादाद काफी कम श्रद्धालुओं की है। इस दूसरे सीढ़ियों वाले रास्ते पर कई लोग इन 9 दिनों में दुकान लगाकर अपनी आजीविका चलाते हैं। देखने में आया कि आधे से कम दुकानें यहां पीछे वाले रास्ते पर लगी है और उनमें भी गिनती के दिन भर में 8-10 ग्राहक पहुंचे हैं। पीछे जहां सीमेंट कांक्रीट के सीढ़ियां है वहां बड़ी तादाद में धूल जमा है, जिसे निगम ने साफ भी नहीं करवाया है। इस रोड पर श्रद्धालु नहीं पहुंच पा रहे हैं तो उसका लोड विमानतल के पास मुख्य मार्ग पर बना हुआ है। बहुत बड़ी संख्या में श्रद्धालु रविवार के बाद कल कुछ कम तादाद में मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे। मेट्रो का काम अपनी गति से चल रहा है, लेकिन नवरात्रि में माता के दूसरे रास्ते में श्रद्धालुओं को लाभ नहीं हो रहा है और नगर निगम ने भी यह मान लिया है कि इधर से श्रद्धालु नहीं पहुंच पाएंगे इसलिए व्यवस्था को भी ठीक से चाकचौबंद नहीं किया गया है, लेकिन जो जानकार है वे वन-वे से ग्रेटर बाबा के सामने से और सुपर कारिडोर के वन-वे से माता के दरबार तक सीढ़ियों से पैदल चलकर पहुंच रहे हैं। इधर कुछ लोगों का कहना है कि इस बड़े नौ माताओं वाले शक्तिपीठ बिजासन में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा का ध्यान नगर निगम और पुलिस को रखना चाहिए। कल भी एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी की तीन कारें ऊपर तक पहुंची थी और उनके परिवार की सुविधा के लिए 20 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात थे उन सभी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की कतार को भी रोका गया था।

### पार्किंग में लोड बढ़ा तो हो रही विवाद की स्थिति

सालोंसाल से मांग उठ रही है कि विमानतल के पास के रास्ते से टेकरी पर चढ़ाई के पहले पार्किंग की व्यवस्था सशुल्क की जाती है यह व्यवस्था निःशुल्क होना चाहिए। सुपर कारिडोर का रास्ता बाधित होने के कारण इस बार लोड श्रद्धालुओं का और ज्यादा इसी मुख्य मार्ग से बढ़ा है, इसलिए पार्किंग भी ज्यादा हो रही है। कल भी एक रिक्शा में परिवार माँ बिजासन 9देवियों के दर्शन के लिए पहुंचा था और जब वह परिवार दर्शन कर वापस लौटा तो उनके रिक्शे में पार्किंग कराने वाले लोग खाना खा रहे थे। जब उनसे कहा कि रिक्शा खाली करो तो वे बोले कि हम पहले खाना खाएंगे उसके बाद रिक्शा खाली होगा, इस पर विवाद की स्थिति हो गई थी और पार्किंग कराने वाले समूह ने रिक्शा में आए परिजनों को पीट दिया था ऐसा आरोप परिजनों ने लगाया।

# 20 टंकी के क्षेत्र में नल में नहीं आया पानी

### ठंड के मौसम में इंदौर में पानी का गंभीर संकट

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** शहर में 20 टंकी के क्षेत्र में रहने वाले लोगों के घर में नल से पानी नहीं आया। इस बार ठंड के मौसम में भी लोगों को पानी के गंभीर संकट का सामना करना पड़ रहा है। कल राजेंद्र नगर मेन रोड पर 1200 एमएम व्यास की पीएससी ग्रेविटी मेन पाइपलाइन में लीकेज हो गया। इसके सुधार कार्य हेतु नर्मदा जल प्रदाय परियोजना के प्रथम एवं द्वितीय चरण के सभी पंप दोपहर 3:50 बजे बंद किए गए थे। लीकेज सुधार कार्य पूर्ण होने के उपरांत पंप हाउस क्रमांक-5 से सभी पंप रात्रि 10:10 बजे पुनः चालू कर दिए गए। उक्त अवधि में नर्मदा प्रथम एवं द्वितीय चरण के सभी पंप बंद रहने के कारण आज प्रातःकालीन जल प्रदाय के दौरान शहर की 20 टंकियाँ पूर्ण क्षमता से नहीं भर सकी। इससे इन टंकियों से संबंधित क्षेत्रों में जल प्रदाय नहीं हो सका। प्रभावित होने वाली टंकियों में अन्नपूर्णा, स्कीम नंबर 103, छत्रीबाग, राजमोहल्ला, द्रविड़ नगर, लोकमान्य नगर, महाराणा प्रताप नगर, नरवल, अगरबत्ती काम्प्लेक्स, कुशवाह मोहल्ला, टिगरिया बादशाह, बाणगंगा, सुभाष चौक, सदर बाजार, जिंसी हाट, मल्हार आश्रम, गांधी हॉल, भक्त प्रहलाद नगर, एमओजी लाइन व जय हिंद नगर की टंकी है।

# चार स्थानों पर 30 एम एल डी पानी को ट्रीट करने के संयंत्र लगेंगे

**नगर निगम के द्वारा किया जाएगा आर ओ टेक्नोलॉजी का उपयोग**

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** इंदौर नगर निगम के द्वारा चार स्थानों पर नए संयंत्र लगाकर 30 एम एल डी पानी को ट्रीट करने का काम किया जाएगा। ड्रेनेज के पानी को इन संयंत्र पर साफ पानी के रूप में बदलने का काम होगा। इसके लिए निगम के द्वारा आर ओ टेक्नोलॉजी का उपयोग किया जाएगा।

निगम के द्वारा की जाने वाली इस व्यवस्था की जानकारी देने और इससे सभी विभागों तथा बिल्डर कालोनाइजर को जोड़ने के लिए निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल के द्वारा कल एक बैठक ली गई। बैठक में मुख्य रुप से शासकीय विभाग जिसके अंतर्गत आई डी ए, रेल्वे, एयरपोर्ट अथर्टी, डी आई सी, एम पी आई डी सी (जिला इंदौर ओर उज्जैन ), पी डब्लू डी, एम पी आर डी सी, मेट्रो के साथ शासकीय अस्पताल एम वाय , सुपर स्पेशिलिटी एवं शहर के अन्य बड़े बड़े निजी अस्पताल संगठन के प्रतिनिधि, होटल एसोसिएशन के प्रतिनिधि, क्रेड़ाई , कॉलोनीनाइजर के प्रतिनिधि आदि संगठन व संगठन के प्रतिनिधि शामिल हुए ।

सिंघल ने बताया कि नगर निगम उपचारित सीवरेज जल को एक मूल्यवान संसाधन के रूप में अधिकतम उपयोग में लाना चाहता है, जिससे ताजे जल पर निर्भरता कम हो और उपलब्ध पेयजल का बेहतर प्रबंधन हो सके। इस हेतु अर्बन चैलेंज फंड योजना के अंतर्गत विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तैयार किया जा रहा है। प्रस्ताव के अनुसार शहर में चार स्थानों पर तृतीयक जल उपचार संयंत्र स्थापित किए जाएंगे, जिनकी कुल क्षमता 30 एमएलडी अर्थात प्रतिदिन 3 करोड़ लीटर होगी। सांवेर औद्योगिक क्षेत्र – 3 एमएलडी, कनाड़िया – 8 एमएलडी, तिगरिया बादशाह लेक – 9 एमएलडी, कबीटखेड़ी स्थित 245 एमएलडी एसटीपी परिसर – 10 एमएलडी का संयंत्र लगाया जाएगा। एसटीपी में द्वितीयक स्तर तक उपचारित जल को इन संयंत्रों में डिस्क फिल्टर, अल्ट्रा फिल्ट्रेशन (यूएफ), रिवर्स ऑस्मोसिस (आरओ) एवं यूवी डिसइन्फेक्शन जैसी आधुनिक तकनीकों से और अधिक शुद्ध किया जाएगा। जल के उपयोग के प्रयोजन एवं उसके लिए निर्धारित गुणवत्ता मानकों के आधार पर उपचार प्रक्रिया तय की जाएगी। प्रथम चरण में उपचारित जल पृथक पाइपलाइन के माध्यम से निम्नलिखित गैर-पेय कार्यों हेतु उपलब्ध कराया जाएगा। इसमें भवनों में टॉयलेट फ्लशिंग, उद्यान एवं लैंडस्केपिंग, निर्माण कार्यों में क्योरिंग एवं धूल नियंत्रण, कूलिंग टावर एवं औद्योगिक प्रक्रियाएँ, वाहन, डिपो एवं सड़कों की धुलाई, सीवर सफाई एवं अग्निशमन के कार्य में इस पानी का उपयोग किया जाएगा। सिंघल ने बताया कि उपचारित जल की आपूर्ति पृथक पाइपलाइन से की जाएगी, जिस पर स्पष्ट पहचान एवं साइनेज रहेंगे, ताकि पेयजल एवं गैर-पेय जल की व्यवस्था पूर्णतः पृथक एवं सुरक्षित रहे। यह परियोजना की शुरुआत है। भविष्य में शासन के दिशा-निर्देशों, निर्धारित मानकों तथा सभी हितधारकों से समुचित परामर्श के उपरांत उपचारित जल के पेय उपयोग की संभावनाओं पर भी विचार किया जा सकेगा।

### नए भवनों में ड्यूल पाइपिंग का प्रस्ताव

नगर निगम नई भवन अनुज्ञाओं में ड्यूल पाइपिंग सिस्टम अनिवार्य करने पर विचार कर रहा है, जिसमें एक पाइपलाइन पेयजल हेतु तथा दूसरी टॉयलेट फ्लशिंग एवं अन्य गैर-पेय उपयोगों हेतु होगी। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना, एमवाय अस्पताल के नवीन भवन, इंदौर विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित की जा रही एयरोसिटी एवं शहर में निर्मित होने वाले अन्य भवनों में भी ड्यूल पाइपिंग सिस्टम का उपयोग किया जाएगा।

### जल सुरक्षा की दिशा में बड़ा कदम

पूर्ण क्षमता से संचालन होने पर ये संयंत्र प्रतिदिन लगभग 3 करोड़ लीटर ताजे जल की बचत में सहायक होंगे, जो 135 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन के मानक पर 2.2 लाख से अधिक नागरिकों की दैनिक जल आवश्यकता के बराबर है। देश का पहला वॉटर प्लस शहर इंदौर इस पहल के माध्यम से उपचारित सीवरेज जल को एक उपयोगी संसाधन के रूप में स्थापित करेगा।

# देपालपुर में किसान के साथ लूट करने वाले दो लुटेरे धराए



**देपालपुर।** देपालपुर पुलिस ने किसान के साथ लूट करने वाले दो लुटेरों को पकड़ लिया है। 7 अक्टूबर को 62 वर्षीय किसान शिवनारायण चौधरी निवासी चिमनखेड़ी अपनी मोटरसाइकिल से उधारी के पैसे चुकाने के लिए घर से निकले थे। किसान की जेब में 50 हजार रुपए थे। देपालपुर से चिमनखेड़ी जाते समय किसान ने एक पेट्रोल पंप पर रुककर 2 हजार रुपए का पेट्रोल प्लास्टिक की केन में भरवाया और गांव के लिए रवाना हुए। मुरखेड़ा श्मशान घाट के आगे दो लुटेरों ने किसान की मोटरसाइकिल के आगे अपनी गाड़ी लगा दी। आरोपियों ने किसान से कहा कि पेट्रोल पंप पर तुमने नकली नोट दिए हैं और तुम्हारे खिलाफ थाने में रिपोर्ट करेंगे। इसी दौरान एक आरोपी ने किसान को पीछे से पकड़ लिया, जबकि दूसरे आरोपी ने उनकी जेब से 48 हजार रुपए निकाल लिए। इसके बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। किसान ने थाने पहुंचकर घटना की रिपोर्ट लिखवाई थी। घटना की गंभीरता और संवेदनशीलता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने थाना प्रभारी मीणा कर्णावत को लूट का खुलासा करने के निर्देश दिए। इसके बाद पुलिस टीम गठित की गई। टीम में थानेदार दीपक बघेल, हवलदार संजय पटेल, राजेंद्र सुमन, सिपाही अमित सिंह राजपूत और खुफिया तंत्र के दीपेंद्र गुर्जर को शामिल किया गया। पुलिस टीम ने घटनास्थल से लेकर अलग-अलग क्षेत्रों में लगे 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। फुटेज में आरोपी पीथमपुर की तरफ जाते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने जांच के बाद राजेश चौहान (42) और शेखर जोगी (33) को हिरासत में लिया। आरोपियों के पास से लूट की गई राशि भी बरामद की गई है।

# पानी की किल्लत बढ़ने के बाद जल्द लग सकता है बोरिंग खुदाई पर प्रतिबंध

**रात में हो रहे बोरिंग के शोर से परेशान लोग, बोरिंग वेंडर बोले बढ़ी डिमांड**

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**शहर में लगातार गिरते भूजल स्तर और पानी की बढ़ती मांग के बीच बोरिंग खुदाई पर प्रतिबंध लगाने को लेकर जल्द निर्णय होने की संभावना है। नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने इस संबंध में कलेक्टर शिवम वर्मा को पत्र लिखा था। इस पत्र को एक माह से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन अब तक निर्णय सामने नहीं आया है। लगातार बढ़ते भूजल दोहन और बड़े निर्माण कार्यों में पानी की खपत को देखते हुए इस मामले में जल्द कदम उठाए जाने की उम्मीद जताई जा रही है।**

## भूजल स्तर गिरा

बोरिंग मशीन संचालित करने वाले वेंडरों ने बताया कि वर्तमान में बोरिंग की डिमांड बढ़ गई है, आने वाले दिनों में पानी की किल्लत के कारण लोग लगातार बोरिंग करवा रहे हैं 400 से 700 फीट तक बोरिंग करने के बाद पानी मिल रहा है। जिले में रोजाना 10 से 15 स्थानों पर बोरिंग किए जाने की जानकारी सामने आ रही है। आवासीय क्षेत्रों में घरों और अपार्टमेंट के निर्माण के दौरान पानी की जरूरत पूरी करने के लिए बोरिंग कराए जा रहे हैं। इससे भूजल पर दबाव बढ़ रहा है। दूसरी ओर, कई इलाकों में बोरिंग मशीनों के देर रात तक चलने से रहवासियों को शोर और असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

## निर्माण कार्यों में पानी की खपत बढ़ी

शहर में बड़े निर्माण कार्यों के दौरान नर्मदा जल और बोरिंग के पानी का इस्तेमाल किया जा रहा है। खासकर गृह निर्माण में नींव, कंक्रीट और अन्य निर्माण संबंधी कामों के लिए बड़ी मात्रा में पानी की जरूरत होती है। ऐसे में पेयजल की मांग के साथ निर्माण कार्यों में होने वाली खपत भी जल प्रबंधन के लिए चुनौती बन रही है। यदि भूजल का दोहन इसी तरह जारी रहा, तो आने वाले समय में जल संकट और गंभीर हो सकता है। बोरिंग पर प्रतिबंध लगाने के संबंध में नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने कलेक्टर शिवम वर्मा को पत्र लिखकर कार्रवाई का विषय उठाया है। पत्र भेजे जाने के बाद एक माह से अधिक समय गुजर चुका है। अब लगातार घटते भूजल स्तर और पानी के बढ़ते उपयोग को देखते हुए प्रशासन के स्तर पर जल्द निर्णय होने की संभावना जताई जा रही है। हालांकि, प्रतिबंध की समयसीमा और उसके दायरे को लेकर आधिकारिक निर्णय सामने आना बाकी है। बोरिंग की बढ़ती गतिविधियों का असर केवल भूजल तक सीमित नहीं है। आवासीय कॉलोनियों में देर रात तक मशीनें चलने से लोगों की नींद प्रभावित हो रही है। रहवासी बोरिंग के लिए समय निर्धारित करने और नियमों का पालन सुनिश्चित कराने की मांग कर रहे हैं। यदि प्रतिबंध या नई गाइडलाइन लागू होती है, तो बोरिंग की अनुमति, समय और उपयोग को लेकर नए नियम बनाए जा सकते हैं।

## भूजल बचाने की चुनौती

इंदौर में जल संकट से निपटने के लिए केवल वैकल्पिक जल स्रोत बढ़ाना पर्याप्त नहीं होगा। वर्षा जल संचयन, भूजल रिचार्ज और निर्माण कार्यों में पानी के विवेकपूर्ण इस्तेमाल पर भी जोर देना होगा। अब नजर प्रशासन के निर्णय पर है, जिससे तय होगा कि बोरिंग पर प्रतिबंध लगाया जाएगा या इसके लिए कोई नियामक व्यवस्था लागू की जाएगी।



# बीईओ बनते ही पेंशनर के लम्बित प्रकरण हल की मांग

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। शासकीय मालव कन्या हायर सेकंडरी मोती तबेला की प्राचार्य बबीता हयारण ने कल इंदौर बीईओ का पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण के पश्चात् शाम को हयारण का स्वागत वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने किया और लम्बित पेंशनरों के प्रकरणों की जानकारी देकर शीघ्र निराकरण की मांग की। राजेश जोशी, भगवतीप्रसाद पंडित, नरेन्द्रसिंह ठाकुर, दीपक धनोडकर, ताराचंद व्यास, गंगाराम प्रजापति एवं रमेश सिंदेल एसोसिएशन के मौजूद थे।

# स्कूलों में शुगर बोर्ड लगाने और शुगर के दुष्परिणाम की जानकारी के निर्देश

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

भोपाल शिक्षा विभाग के आदेश के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी संकुल प्राचार्य और जिला परियोजना समन्वयक को पत्र भेजकर निर्देश दिए कि पोषण माह 2026 के अंतर्गत विद्यालयों में शुगर बोर्ड लगाने एवं शुगर के दुष्प्रभावों के संबंध में जागरूकता लाने हेतु विभिन्न गतिविधियां संचालित की जाए। इस मामले में शिक्षा विभाग के पास राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग का पत्र भी आया था और उसके बाद कलेक्टर का पत्र भी पहुंचा था। स्कूलों में यह बताना होगा कि खाद्य पदार्थों में शुगर की मात्रा एवं शुगर के दुष्प्रभावों के संबंध में जागरूकता लाने हेतु समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में अनिवार्यतः शुगर बोर्ड लगाए जाने है। शुगर बोर्ड विद्यालय में ऐसे स्थान पर लगाए जाए जहां विद्यार्थी इन्हें आसानी से देख सकें। इन शुगर बोर्ड पर खाद्य पदार्थों में शुगर की मात्रा, अधिक शुगर से होने वाली स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं, एवं शुगर के स्वस्थ विकल्पों की जानकारी होना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त अन्य गतिविधियों के द्वारा भी विद्यार्थियों में शुगर के संभावित दुष्प्रभावों के विषय में जागरूकता उत्पन्न करना इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य है। अब सभी स्कूलों में 15 दिन के अंदर शुगर बोर्ड लगाना है और शुगर की जागरूकता का संदेश विद्यार्थियों को देकर इसकी जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय को भेजना होगी।

# प्राचार्य बबीता हयारण बीईओ बनी तो हुआ स्वागत



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। शासकीय मालव कन्या हायर सेकंडरी मोती तबेला की प्राचार्य बबीता हयारण ने कल इंदौर बीईओ का पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण के पश्चात् शाम को हयारण का स्वागत किया गया। दिनेश परमार, अनुराग तिवारी, शिववीरसिंह भदौरिया, अनिता भारती, प्रदीप उपाध्याय, खजानसिंह चौहान, सुनंदा महाजन, नवनीत गोयल, राकेश गेहलोद, रश्मि बिल्लोरे, देवकुवर कवचे, मंजुला शर्मा, सहित अन्य शिक्षक मौजूद थे।

# अन्नपूर्णा स्कूल से कचरे में मिली किताबों से निगम खोलेंगा लाइब्रेरी

**नवरात्रि में अन्नपूर्णा मंदिर के पास के विद्यालय को सौगात देने की कोशिश**

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

नगर निगम के द्वारा अन्नपूर्णा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कचरे में मिली हुई किताबों की लाइब्रेरी खोली जाएगी। नवरात्रि के त्यौहार के मौके पर अन्नपूर्णा मंदिर के पास में स्थित इस विद्यालय को सौगात देने की कोशिश की जाएगी।

नगर निगम के द्वारा कचरा कम करने के लिए सतत अभियान का संचालन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत नागरिकों से उनके घर की अनुपयोगी किताबें और कपड़ों को आर आर आर सेंटर पर जमा करने के लिए कहा गया। इसके एवज में नागरिकों को नगर निगम के द्वारा पौधे दिए गए। निगम की यह योजना अच्छी सफल हुई। बड़ी संख्या में नागरिकों के द्वारा पौधा प्राप्त करने के लिए अपने घर से किताबें और पुराने कपड़े जमा करवाए गए। अब नगर निगम के द्वारा इस तरह प्राप्त हुई किताबों की अलग-अलग स्कूल में लाइब्रेरी बनाने का काम किया जा रहा है। इस योजना के तहत अन्नपूर्णा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भी इन किताबों की लाइब्रेरी का निर्माण किया जा रहा है। इस लाइब्रेरी का शुभारंभ आज किया जाने वाला था। लेकिन इस कार्यक्रम को नगर निगम के द्वारा स्थगित कर दिया गया है। अब निगम की ओर से कोशिश की जा रही है कि नवरात्रि के पर्व के दौरान ही इस लाइब्रेरी को शुरू कर दिया जाए। सरकारी स्कूलों में बच्चों को उपयोग किए जाने लायक किताबों की उपलब्धता इस तरह की लाइब्रेरी से हो पा रही है। लोगों के द्वारा अपने घरों से बहुत ही अच्छी और गुणवत्ता वाली किताबें नगर निगम को दे दी गई है। ध्यान रहे कि इस समय लोगों का किताबें पढ़ने से मोह भंग हो गया है। अधिकांश लोग मोबाइल की स्क्रीन को स्क्रोल करते हुए व्हाट्सएप और सोशल मीडिया पर ही अध्ययन का कार्य कर रहे हैं। अब किताबों को पढ़ना तो बीते हुए कल की बात हो गई है। ऐसी स्थिति में किताबों को पढ़ने की आदत को वापस से स्थापित करने के लिए निगम की ओर से यह कोशिश की जा रही है।

## बच्चों ने किताबें पसंद की

नगर निगम के द्वारा अभी तक जिन स्कूलों में इस तरह की किताबों की लाइब्रेरी बनाई गई है वहां पर बच्चे इस लाइब्रेरी का खूब प्रयोग कर रहे हैं। निगम के अधिकारियों के द्वारा जाकर जब इन बच्चों से चर्चा की गई तो इन बच्चों का कहना था कि इस लाइब्रेरी से हमें उपयोगी किताबें मिल रही है। बड़ी संख्या में लोगों ने घरों से अपने बच्चों की उन किताबों को भी दिया है जो उनके बच्चों की पिछली क्लास की किताबें हैं। अब यह किताब स्कूल में आने के बाद उसे पुरानी क्लास के बच्चों के लिए उपयोगी किताब साबित हो रही है। बहुत से बच्चों के अभिभावकों ने अपने बच्चों के द्वारा तैयार किए गए नोटस की कॉपी भी इस लाइब्रेरी के लिए दी है जो की सभी बच्चों के लिए उपयोगी साबित हो रही है।

# बिना लाइसेंस संचालित दुकानों के विरुद्ध सीलिंग की कार्रवाई

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। नगर निगम की विभिन्न जोन की राजस्व टीमों द्वारा शहर के विभिन्न बाजारों एवं व्यावसायिक क्षेत्रों में ट्रेड लाइसेंस की जांच के लिए विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान दुकानों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के ट्रेड लाइसेंस की जांच की गई। जिन प्रतिष्ठानों के पास नियमानुसार ट्रेड लाइसेंस नहीं पाए गए, उनके विरुद्ध नियमानुसार सीलिंग की कार्रवाई लोहा मंडी, सांवेर रोड, मंगल नगर, आनंद बाजार, बाणगंगा, गौरी नगर, रुक्मणी नगर, छोटा बागड़दा, पंचकुइयां गोदाम तथा ऑर्बिट मॉल तथा अन्य व्यावसायिक क्षेत्रों में की गई।

# माहेश्वरी कुटुम्ब का आज शाम से तीन दिवसीय गरबा महोत्सव

## आज सुबह की माँ बिजासन को चुनरी अर्पण, चार दिनों से होते रहे प्रशिक्षण





इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। संस्था माहेश्वरी कुटुम्ब परिवार के शारदा प्रकाश अजमेरा, अशोक मीना ईनानी, पुष्प गीता माहेश्वरी, किरण मनोज छापरवाल ने बताया कि संस्था कुटुम्ब के सैकड़ों सहयोगियों और मातृशक्तियों के प्रयास से आज 13 से 15 अक्टूबर तीन दिनों तक शाम 7 बजे से रात 11 बजे तक ब्लू लोटस गार्डन स्कीम नं. 71 रिंगरोड पर माँ की आराधना में गरबा की प्रस्तुति दी जाएगी। इस आयोजन को लेकर 4 दिनों से कल रात तक गरबा प्रशिक्षण शैली अजमेरा ने लगातार सभी टीमों को दिया। रोजाना हाई टी का आयोजन भी प्रशिक्षणार्थियों के लिए रखा गया। प्रशिक्षण में भी चार दिनों तक रोजाना अच्छी प्रस्तुति करने पर पुरस्कार भी दिए गए। आज शाम से गरबा शुरू होना है, लेकिन उसके पहले माहेश्वरी कुटुम्ब के बैनर तले आज सुबह अन्नपूर्णा मंदिर के समीप झूलेलाल मंदिर से मातृशक्तियों और समाजजनों की मौजूदगी में चुनरी यात्रा निकाली गई। माँ अन्नपूर्णा के जयकारों के साथ निकली चुनरी यात्रा में बड़ी संख्या श्रद्धालुओं की थी। आज शाम गुजराती थीम पर 7 बजे से माँ की आराधना में गरबा की प्रस्तुति दी जाएगी। बताया जा रहा है कि 700 से अधिक रजिस्ट्रेशन इस गरबा के लिए किए गए हैं।

## किंडर बड्स स्कूल में सीड बॉल मेकिंग प्रतियोगिता

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। किंडर बड्स स्कूल की प्राचार्य डॉ. दीपिका हासीजा ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति बच्चों में



जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से स्कूल के नन्हे विद्यार्थियों के बीच सीड बॉल मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन कराया। बच्चों को प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। गतिविधि में विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान 100 से अधिक विद्यार्थियों और अभिभावकों को पर्यावरण संरक्षण तथा बीजों के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। सभी के सामूहिक प्रयासों से 300 सीड बॉल तैयार की गईं, जो हरियाली बढ़ाने की दिशा में एक सार्थक पहल है। निदेशक डॉ. धीरज हासीजा एवं सामाजिक कार्यकर्ता पगारानी का भी इस आयोजन में सहयोग रहा।

# सर्वोदय स्कूल के छोटे विद्यार्थियों तक ने प्रस्तुत किए मॉडल









## कई मॉडल दे रहे थे लाइव प्रस्तुति

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

सर्वोदय बाल विनय मंदिर स्कूल सदर बाजार में विद्यार्थियों के बीच साइंस एक्जीबिशन प्रतियोगिता आयोजित की गई। विज्ञान विषय पर छोटे मासूम बच्चों से लेकर 8वीं तक के विद्यार्थियों ने प्रस्तुतियां दी। प्राचार्य सोनाली दुबे ने बताया कि चन्द्रयान, सेटेलाइट, वर्किंग ऑफ हार्ड, ग्रीन हाऊस, फीमिंग, नेचुरल फीमिंग, किडनी का वर्किंग मॉडल, रोबोर्ट का वर्किंग मॉडल, ड्रोन, ग्लोबल वार्मिंग, आईस का थ्रीडी मॉडल, वॉटर साइकल, फ्राग की लाइफ साइकल के अलावा सोशल साइंस पर राजवाड़ा, रेडफार्ट, इंडिया, स्टेच्यु ऑफ वारियर, स्कूल मॉडल, स्मार्ट सिटी, जू पार्क, एटीएम, नाऊन, डीजे आदि विद्यार्थियों ने बनाकर प्रस्तुति दी। स्कूल के सारे विद्यार्थियों ने इन मॉडल को देखा, खासतौर से जो वर्किंग कर रहे थे उसे समझने की कोशिस की और जिन विद्यार्थियों ने यह मॉडल बनाए उनकी प्रशंसा भी की गई। प्राचार्य सहित अध्यापकों ने सभी विद्यार्थियों की मेहनत को सराहा।

# राजेश जैन युवा बने मक्सी ट्रस्ट के अध्यक्ष

## तीर्थ विकास एवं व्यवस्थाओं को लेकर हुई चर्चा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



श्री मक्सी पार्श्वनाथ स्थित श्री राज राजेंद्रसूरी गुरु ज्ञान मंदिर ट्रस्ट मंडल की बैठक इंदौर के एयरपोर्ट रोड स्थित केशरी वाटिका में तीर्थ के विकास, व्यवस्थाओं एवं आगामी कार्ययोजनाओं से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। आचार्य विजय नित्यसेनसूरीश्वर म.सा., मुनिराज विद्वदरत्न विजय म.सा. के सान्निध्य में नवीन ट्रस्ट मंडल की घोषणा की। घोषणा के अनुसार, इंदौर के राजेश जैन युवा को ट्रस्ट मंडल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं, मक्सी निवासी हेमंत वेदमुथा को महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। नवीन ट्रस्ट मंडल में दिलीप जैन, अंशुल गिरिया को उपाध्यक्ष, धर्मचंद बोहरा को कोषाध्यक्ष, धर्मेंद्र कोलन को सहमंत्री तथा सौरभ डुंगरवाल को प्रचारमंत्री नियुक्त किया गया। हीराचंद जैन, अशोक जैन, संजय कोठारी, रजत मेहता, दिलीप जैन, हंसराज कटारिया, अश्विन ओसवाल, शैलेन्द्र तल्लेरा को ट्रस्टी बनाया गया। नवीन ट्रस्ट मंडल की घोषणा के साथ ही तीर्थ के सर्वांगीण विकास, धार्मिक गतिविधियों के सुव्यवस्थित संचालन तथा व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में नई जिम्मेदारियों का निर्धारण किया गया।

## हंसदास मठ पर नवरात्रि महोत्सव

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। बिजासन रोड स्थित हंसदास मठ पर महामंडलेश्वर स्वामी रामचरणदास महाराज एवं महामंडलेश्वर पवनदास महाराज के सानिध्य में नवरात्रि महोत्सव पर विभिन्न शास्त्रोक्त अनुष्ठान चल रहे हैं। मठ के पं. अमित दास महाराज ने बताया कि मंडल स्थापना, कलश, जवारे एवं अखंड दीप की स्थापना कर नवग्रह शोडष मातरिका पूजन के साथ महोत्सव का शुभारंभ हुआ। महोत्सव में प्रतिदिन विद्वान आचार्यों के निर्देशन में हंसदास संस्कृत विद्यापीठ के वेदपाठी बटुकों द्वारा मां अन्नपूर्णा, मां गायत्री एवं मां सरस्वती के समक्ष नवरात्रि में संपुटित दुर्गा सप्तशती के पाठ भी जारी हैं। इस अवसर पर प्रतिदिन तीनों माताओं का आकर्षक श्रृंगार भी किया जा रहा है। मठ पर विद्युत एवं पुष्प सज्जा भी आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। ललिता पंचमी पर माँ का विशेष श्रृंगार होगा। नवमी पर सुबह दुर्गा सप्तशती पाठ की पूर्णाहुति एवं कन्या भोज तथा पूजन के साथ महोत्सव का समापन होगा।



## फिलाटेली डे पर विरूपण मोहर का विमोचन

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। पोस्टल वीक के अन्तर्गत जीपीओ में फिलाटेली डे के आयोजन में विरुपण मोहर का विमोचन कल किया गया। अधिकारी गौरव श्रीवास्तव, राजेन्द्र व्यास, केएल राव के अलावा क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारी वरिष्ठ पोस्ट मास्टर एवं जीपीओ के कर्मचारी सहित अन्य मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय पवार क्षत्रिय महासभा की क्षेत्रीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। राष्ट्रीय पवार क्षत्रिय महासभा की क्षेत्रीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक इन्दौर में आयोजित की गई। बडी संख्या में प्रदेश के कई जिलों के पदाधिकारी पहुंचे थे। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दीपक रहाँगडाले ने बताया कि धार में जनवरी में प्रस्तावित राष्ट्रीय अधिवेशन को लेकर चर्चा हुई। साथ ही समाजहित के महत्वपूर्ण विषयों तथा मां वाग्देवी की प्रतिमा भारत लाने के संकल्प पर व्यापक मंथन किया गया। दीपक रहाँगडाले, नंदलाल चौधरी, प्रकाश जैन, डॉ. डोसी,उमाशंकर ठाकरे, अर्पण बिसेन, बसंत बिसेन, गीता टेम्भरे, दारासिंह कटरे, सुनील बोबडे, ब्रज परमार की मौजूदगी रही।

## वैश्य महासम्मेलन भी करा रहा है गरबा आयोजन



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। वैश्य महासम्मेलन द्वारा दस्तूर गार्डन में गरबा का आयोजन कराया जा रहा है, अशोक खंडेलवाल, धीरज खंडेलवाल, अर्चना जायसवाल, नितिन माहेश्वरी, निधि निखरा, प्रवीण निखरा, हरीश विजयवर्गीय, दिनेश मित्तल, रमेश गुप्ता ने बताया कि बड़ी संख्या में वैश्य समाज के अलग-अलग घटकों के पदाधिकारी और समाजजन सम्मेलन में पहुंच रहे हैं। माँ की आराधना गरबा उत्सव के माध्यम से हो रही है। कार्यक्रम में बेस्ट गरबा मेल एवं फीमेल कपल को पुरस्कृत भी किया गया। परिवार के साथ आयोजन में समाजजन पहुंच रहे हैं। राजनेताओं का भी इस बड़ा गरबा में पहुंचने का क्रम जारी है।

# चिमनबाग मैदान पर अग्रबंधुओं की मौजूदगी में पुरस्कार वितरण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

दो दिन पहले महाराजा अग्रसेन की जयंती पर हजारों अग्रवाल समाजजनों की मौजूदगी में राजबाडा से चिमनबाग तक यात्रा निकाली थी और चिमनबाग मैदान पर खचाखच अग्रवाल समाजजनों की मौजूदगी रही। महाराजा और कुलदेवी की आरती भी की गई। सामूहिक भोज का आयोजन भी हुआ। पुरस्कार वितरण का आयोजन भी हुआ। भगवान श्रीनाथ को 56 भोग समर्पित किए।महाराजा और कुलदेवी के जयकारों से पहले जुलूस मार्ग और



फिर चिमनबाग मैदान गुंजायमान रहा। इस दौरान यात्रा और चिमनबाग कार्यक्रम में समाजजन बडी संख्या में मौजूद रहे। इस दौरान विनोद अग्रवाल, पवन सिंघानिया, दिनेश मित्तल, राजेश बंसल पम्प, शैलेष गर्ग, टीकमचंद ग़र्ग, राजेश गर्ग केटी, किशोर गोयल, अरविन्द बागडी, डॉ. कुलभूषण मित्तल कुक्की, गणेश गोयल,संजय मंगल, जगदीश गोयल बाबाश्री, पीडी अग्रवाल, महेन्द्र-पीडी अग्रवाल, हरि अग्रवाल, राजेश गर्ग, शिव जिंदल, संजय बांकड़ा, रजत गर्ग, गोविन्द सिंघल, सौरभ गोयल बालाजी, प्रयोग गर्ग, संजय-शीतल तोड़ीवाला, महेश मित्तल, मुकेश जिंदल, अमिताभ सिंघल, अरविन्द अग्रवाल वेल्युअर, मृदुल अग्रवाल, अशोक ग़ोयल महू, राजेश मित्तल लाला, राजेन्द्र बंसल बाहुबली, अनूप अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, अरुण गोयल, राजेश गोयल साकार ग्रुप, विनोद गोयल, संजय गोयल प्रशांत होटल, रामबाबू अग्रवाल, विनोद गोयल, संजय अग्रवाल गोल्ड क्वाइन, दीपककुमार गर्ग, भक्ति एवेन्यू देवास, प्रहलाद गर्ग, आनंद गर्ग, अवधेश गर्ग, संजय अग्रवाल केरला फ्रैट, जीतू ग़ोयल, विजय अग्रवाल, प्रमोद बिंदल, राम ऐरन, शैलेष गर्ग श्री ट्रेडिंग, राजेश मित्तल चौधरी, शिव गर्ग, कमल गोयल, सतीश गोयल, संजय अग्रवाल, क़ैलाश बंसल, मुन्ना मंगल, पवन गोयल, शंकर मंगल, चंद्रप्रकाश गर्ग, पुरुषोत्तम बंसल, श्याम गोयल घोडीवाला, नीलेश-प्रज्ञा अग्रवाल, मुकेश ब्रजवासी, प्रकाश अग्रवाल,सुभाष सिंघल गुजरी, शैलेन्द्र गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।



## नन्हीं बालिकाएं कर रही हैं गरबा से मां की आराधना

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। एमटीएच नवदुर्गा मां मंदिर प्रांगण में नन्ही नन्ही बालिकाओं ने मां की आराधना में भक्ति के साथ गरबा किया।

## बजाज खाना पार्किंग में माताजी की हो रही है आरती

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। जांबाज़ ग्रुप बजाज खाना चौक द्वारा पर्यावरण हित और बरसात की कमी के कारण मिट्टी की माताजी स्थापना करने की बजाय तस्वीर की स्थापना विधि-विधान से घट के साथ की गई। नवरात्रि के पहले दिन ही बडी संख्या में माता भक्तों की मौजूदगी में आरती की गई, प्रसादी का वितरण भी हुआ। संयोजक प्रमोद वैष्णव, अध्यक्ष अनिल सोलंकी जांबाज द्वारा बताया कि रोज सुबह शाम माता की आरती की जाती है। नवमी को कन्या पूजन, चलित भंडारा आयोजित किया जाता है।





## श्री बर्फानी धाम में शरद पूर्णिमा पर दमा रोगियों के लिए खीर

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। बर्फानीधाम में इस वर्ष शरद पूर्णिमा पर दमा रोगियों के रोग निवारण हेतु आयुर्वेदिक परंपरा अनुसार जड़ी बूटियों से युक्त खीर का निशुल्क वितरण किया जाएगा। 1500 लीटर दूध से निर्मित जड़ी बूटी युक्त खीर का वितरण, श्रद्धालुओं के लिए शरद पूर्णिमा को होगा। अशोक गुप्ता, पंकज जायसवाल, पुरुषोत्तम यादव, भरत दास आयोजन से जुड़े है।

# पंचम की फेल में लग रहे हैं माता के जयकारे

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। पंचम की फेल सार्वजनिक वीर बलवंत नवदुर्गा उत्सव समिति द्वारा माँ दुर्गा की नौ दिवसीय आराधना की जा रही है। नौ दिवसीय आराधना कार्यक्रम के पहले दिन पंचम की फेल सार्वजनिक वीर बलवंत नवदुर्गा उत्सव समिति से जुडे पदाधिकारी और



श्रद्धालुओं ने भी बडी संख्या में शिरकत की। मां दुर्गा के जयकारे चल समारोह में भी लगे। मां दुर्गा की आराधना और नवरात्रि उत्सव का आयोजन पंचम की फेल छत्री का मोहल्ला में किया जा रहा है। उक्त जानकारी बलवंत टटवाडे ने दी।

## कल सजेगी माता की चोकी

### 500 से अधिक महिलाएं करेगी गरबा

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। महिला प्रकोष्ठ अग्रवाल समाज द्वारा कल 14 अक्टूबर को दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक मीरा गार्डन पर शक्ति और भक्ति के समन्वय का आयोजन 'माता की चोकी' किया जाएगा जिसमें माँ भगवती की आराधना, सुहाग के श्रृंगार, भक्ति और गरबा रास सहित अनेक आकर्षण होंगे। करीब 500 महिलाएं इस महोत्सव में भागीदार बनेंगी जिन्हें पारम्परिक श्रृंगार सामग्री से युक्त श्रृंगार पोटली भेंट की जाएगी। कार्यक्रम में भारतीय सनातन परम्परा के अनुरूप प्रस्तुतियां होंगी और माँ का भव्य दरबार भी सजाया जाएगा। शाम 6.30 से रात 8 बजे तक गरबा की रंगारंग प्रस्तुति और फलाहार वितरण का आयोजन भी रखा गया है।



## अग्रवाल युवा संगठन ने किया समाजजनों का स्वागत

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति के जुलूस में अग्रवाल युवा संगठन के अध्यक्ष रजत गर्ग एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा अग्रवाल समाजजनों का स्वागत किया गया।

# 4 हजार से अधिक विद्यार्थी दिखाएंगे प्रतिभा





इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

आईआईएसटी ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट्स द्वारा आयोजित मध्य भारत की सबसे सबसे बड़ी अंतर्विद्यालयीन प्रतियोगिताओं में से एक 'अप्रतिम प्रज्ञा' एवं 'अप्रतिम इंटर स्कूल स्पोर्टस लीग' का शुभारम्भ हुआ। 12 से 14 अक्टूबर तक आयोजित इस तीन दिवसीय आयोजन में इंदौर और आसपास के क्षेत्रों के 150 से अधिक विद्यालयों के 4,000 से अधिक कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी प्रतिभा, रचनात्मकता, खेल कौशल और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता का प्रदर्शन कर रहे है। कल शुभारम्भ पर गार्ड ऑफ आनर और मार्चपास्ट भी किया गया। क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल और पिकलबॉल को शामिल किया गया है। वहीं, बौद्धिक एवं रचनात्मक प्रतिस्पर्धाओं में वाद-विवाद, विज्ञान परियोजना मॉडल, 'आइडिया टू स्टार्ट-अपः पिचाथॉन' तथा देशभक्ति गीतों पर आधारित समूहगान प्रतियोगिता आयोजित की जा रही हैं। उक्त जानकारी अरुण एस. भटनागर ने दी।

# सोलर के प्रकरणों को तेजी से मंजूरी दी जाए

## पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना में 76 हजार से ज्यादा संयंत्र लगे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने सोमवार को पोलो ग्राउंड स्थित परिसर में अधिकारियों की मीटिंग में कहा कि सोलर के प्रकरणों की यथाशीघ्र मंजूरी दी जाए, इससे उपभोक्ता, सोलर लगाने वाले व्यक्ति को समय पर योजना लाभ मिल सके। पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना में भी आवेदकों के प्रकरणों का तेजी से समाधान हो, मौका मुआयना, प्रमाणीकरण का कार्य तेजी से किया जाए, ताकि उपभोक्ता को सब्सिडी लाभ समय पर मिल सके। पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना में अब तक 76 हजार से ज्यादा घरों पर सोलर लग चुके हैं, जबकि 520 करोड़ रुपए से ज्यादा की सब्सिडी वितरित की जा चुकी हैं। पश्चिम मप्र में अब रूफ टॉप सोलर नेट मीटर क्षमता करीब 550 मैगावाट हो चुकी हैं। सिंह ने सोलर प्रकरणों की कंपनी स्तर पर दैनिक आधार पर समीक्षा के निर्देश दिए। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक गजरा मेहता, अधीक्षण यंत्री सीए ठकार समेत अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।

# सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल में लगाएंगे 33 केवी नवीन ट्रांसफार्मर

## 24 घंटे बिजली के लिए 70 लाख रुपए के आसपास खर्च कर अपना खुद का सिस्टम अपडेट करेगा प्रबंधन

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** हॉस्पिटल जैसी इमरजेंसी सुविधा में बड़ा सुधार करते हुए एमजीएम प्रबंधन द्वारा आने वाले दिनों में अपने विभाग के अधीन आने वाले सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल में 24 घंटे बिजली सप्लाई के लिए 33 केवी हेवी लोड वाला नवीन ट्रांसफार्मर लगाने की तैयारी है। एमजीएम प्रबंधन लोक निर्माण विभाग (पीडब्लूडी) के माध्यम से हैवी लोड क्षमता वाला 33 - 0.433केवी 2 एमवीए ट्रांसफार्मर, 33 केवी सबस्टेट 33 केवी एचडी आइसोलेशन पैनल 51010 केवीए डीजी सेट लगाएगा जिससे सम्पूर्ण परिसर में 24 घंटे बिना बाधा के बिजली सप्लाई होती रहेगी। इसको लेकर लोकनिर्माण विभाग का पीआईयू विभाग द्वारा निविदा प्रक्रिया शुरू कर दीवाली से पहले नवीन ट्रांसफार्मर लगाने की तैयारी शुरू कर दी है।



**एमवाय में पहले से लगा है हेवी लोड क्षमता वाला ट्रांसफॉर्मर–**गौरतलब है कि प्रदेश के सबसे बड़े हॉस्पिटल में शुमार एमवाय (महाराजा यशवंत राव होल्कर अस्पताल) में खुद का हैवी लोड 33 केवी लोड क्षमता वाला ट्रांसफॉर्मर पांच साल पहले ही लग चुका है। जिससे इमरजेंसी में मरीजों को बत्ती गुल होने पर भी इलाज के दौरान किसी प्रकार की परेशानी नहीं होती है। साथ अस्पताल में भर्ती मरीजों को लाइट जाने के दौरान खासकर इमरजेंसी के दौरान बिजली सप्लाई बाधित होने जैसी दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ता है। जबकि सुपर स्पेशलिस्ट जैसे नए अस्पताल में अब तक इमरजेंसी में बड़े इन्वेटर से काम चलाना पड़ रहा था। वहीं अब आने वाले दिनों में दीपावली से पहले पीडब्ल्यूडी द्वारा निविदा प्रक्रिया के तहत हेवी लोड वाला नवीन ट्रांसफार्मर लगाने का काम शुरू कर दिया जाएगा। जिसका फायदा भविष्य में अस्पताल प्रबंधन और मरीजों को मिलेगा। साथ ही इमरजेंसी के दौरान भी 24 घंटे बगैर किसी बाधा के हॉस्पिटल में बिजली सप्लाई होती रहेगी। जिसको लेकर निविदा प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसी माह के अंत में जल्द टेंडर संबंधित तमाम प्रक्रिया पूरी होने के बाद दशहरे के बाद हाथों हाथ नवीन ट्रांसफार्मर यूनिट और सेट अप लगाने के काम का श्रीगणेश भी हो जाएगा।

## दशहरे से पहले मिली लोगों को नई सड़क की सौगात



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** विधानसभा 5 के वार्ड क्रमांक 47 के अंतर्गत न्यू देवास रोड पर पंडित जी की चाल में क्षेत्र के रहवासियों को पार्षद नंदकिशोर पहाड़िया के प्रयासों से दशहरे से पहले नवरात्रि में नई सड़क की सौगात मिली है। जिसको लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। क्षेत्र के रहवासी नरेंद्र पंडित, राधेश्याम शर्मा ,नवल किशोर दीक्षित का कहना है कि लंबे समय से क्षेत्रीय पार्षद पहाड़िया से यहां नई सड़क निर्माण की मांग की जा रही थी। जिसको लेकर पार्षद और विधायक महेंद्र हार्डिया के लगातार प्रयासों से अब जाकर त्योहारों के समय पूरे क्षेत्र में आधा दर्जन गलियों में नई सीमेंट सड़क की सौगात मिल रही है। जिससे लोगों में बेहद खुशी है। लोगों का कहना है कि बारिश के दौरान खराब हुई सड़क को सुधार कर नई सड़क की सुविधा मिल रही है। जिसको लेकर लोगों में जबरस्त खुशी और उत्साह है।

## खाद्य विभाग की लगातार सैंपलिंग का असर 36 लाख से ज्यादा वसूला अर्थदंड

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** खानपान के शौकीन देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में खाद्य विभाग की टीमों के साथ शहर के सभी प्रमुख एरिया में की गई लगातार सैंपलिंग का असर यह रहा कि विभाग ने मिलावटखोरों से अर्थदंड लगाकर 36 लाख पचास हजार से ज्यादा रुपए दंड के रूप में वसूले। पिछले तीन माह में की गई जांच पड़ताल और सैंपलिंग की अब भोपाल से रिपोर्ट आने लगी है। खाद्य विभाग के प्रमुख फूड अधिकारी मनीष स्वामी ने बताया पिछले तीन माह में जुलाई से लेकर सितंबर तक आठ सौ से ज्यादा जगह खाद्य विभाग द्वारा लगातार खानपान के प्रतिष्ठानों, होटलों, बाजारों और फैक्ट्रियों पर जांच पड़ताल कर लिए गए विभिन्न सैंपलों की रिपोर्ट अब मिलने लगी है। करीब 541 सैंपलों की रिपोर्ट में से 70 से ज्यादा नमूनों की रिपोर्ट फेल हो गई। जिनमें से 25 पर प्रकरण दर्ज किए गए। इसमें निर्णीत प्रकरण की संख्या 12 बताई जा रही है। वही इन पर प्रशासन द्वारा अर्थदंड के रूप में 36 लाख पचास हजार रुपए की राशि प्राप्त की गई है। इसके अलावा अभी करीब पौने तीन सौ से ज्यादा सैंपलों की रिपोर्ट आना बाकी है।

## 17 अक्टूबर से परीक्षा,1700 पद लेकिन मांग नहीं मानने से उलझे डिप्लोमाधारी

### एमपी ईएसबी ग्रुप-3 सब इंजीनियर भर्ती परीक्षा का मामला

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** एमपी ईएसबी की ग्रुप-3 सब इंजीनियर भर्ती परीक्षा 17 अक्टूबर से होने जा रही है। लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन, बिजली सहित अन्य विभागों में सब इंजीनियर भर्ती के लिए यह परीक्षा होने जा रही है। इस बार परीक्षा 17 अक्टूबर से होने जा रही है। आरोप था कि नीति की वजह से कुल पद संख्या 1700 होने के बाद भी डिप्लोमा करने वालों को मौका मिलना मुश्किल है।

इस परीक्षा में बीई-बीटेक और एमटेक डिग्रीधारकों को भी मौका दिए जाने पर अभ्यर्थियों ने गंभीर सवाल उठाए थे। उनका कहना था कि सब इंजीनियर पद के लिए तीन वर्षीय पॉलिटेक्निक डिप्लोमा को ही अनिवार्य योग्यता रखा जाना चाहिए। उनका तर्क था कि अन्य राज्यों में यही नियम लागू है, लेकिन यहां की गलत नीति की वजह से पॉलिटेक्निक छात्रों के भविष्य पर ही संकट आ गया। अभ्यर्थियों ने सीएम के समक्ष यह मुद्दा उठाया था। तर्क दिया गया था कि आईआईटी या अन्य बड़े इंस्टिट्यूट से बीटेक-बीई करने वाले छात्रों के लिए यह निकालना बड़ी चुनौती नहीं है। उनके पास करियर के ढेरों विकल्प हैं, लेकिन पॉलिटेक्निक छात्रों के पास यही एकमात्र विकल्प है। उनका तर्क था कि बड़े और नेशनल लेवल के इंजीनियरिंग इंस्टिट्यूट से पास छात्रों के लिए यह एग्जाम क्वालिफाई करना कठिन चुनौती नहीं है। अभ्यर्थियों ने ये तर्क भी रखे थे कि उच्चतम न्यायालय ने प्राथमिक शिक्षक भर्ती के लिए केवल प्रारंभिक शिक्षा में डिप्लोमा को आवश्यय एवं उपयुक्त शैक्षणिक योग्यता माना है। उच्च योग्यता (बीएड) को प्राथमिक स्तर से पृथक रखा है। सब इंजीनियर का पद मूल रूप से तकनीकी डिप्लोमा (3 वर्षीय) धारकों के लिए ही सृजित किया गया है।

**2014 से पहले अलग थी स्थिति**

वर्ष 2014 से पूर्व इस परीक्षा में केवल डिप्लोमा ही अनिवार्य योग्यता थी। सब इंजीनियर भर्ती परीक्षा-2026 के विज्ञापन में बीई, बीटेक व एमटेक धारकों को अनुमति मिलने के कारण डिप्लोमा वाले छात्रों की संभावनाएं लगभग खत्म हो गई हैं। उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, उत्तराखंड, महाराष्ट्र आदि अन्य पड़ोसी राज्यों एवं डीआरडीओ जैसे प्रतिष्ठित संस्थाओं में सब इंजीनियर, कनिष्ठ अभियंता भर्ती परीक्षाओं में केवल पॉलिटेक्निक डिप्लोमा को ही अनिवार्य योग्यता माना जाता है, इसलिए इस परीक्षा में भी सिविल-इलेक्ट्रिकल या मैकेनिकल में पॉलिटेक्निक डिप्लोमा वालों को ही मौका दिया जाए।

## स्मार्ट मीटर लगाने के बाद कई लोगों को हो रही परेशानी

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** शहर में स्मार्ट मीटर लगने से जहां एक और फायदा भी हो रहा है तो वहीं बिजली विभाग को भी इसका फायदा मिल रहा है। स्मार्ट मीटर से पल-पल की रीडिंग मिल रही है उपभोक्ताओं के घर रीडिंग लेने नहीं जाना पड़ रहा है बिजली चोरी रुक रही है। वहीं कई उपभोक्ताओं के लिए स्मार्ट मीटर परेशानी का सबक भी बन रहे है। किसी को ज्यादा बिल मिल रहा है तो कहीं बिल ही नहीं मिल रहे हैं। मूसाखेड़ी में डेली कॉलेज विद्युत जोन का ताजा मामला यह है कि ढाई सौ से 300 यूनिट खपत वाले बिजली उपभोक्ता को विभाग द्वारा 55000 से ज्यादा का बिल थमा दिया गया है। जिससे उपभोक्ता के तोते उड़ गए। हर बार 5 से 6000 रुपए का बिल भरने वाले उपभोक्ता को सीधे 55000 से ज्यादा का बिल दिया गया। यही नहीं कई कई उपभोक्ताओं को 10 से 15000 का बिल मिल रहा है। स्मार्ट मीटर लगने के बाद इस तरह के कई मामले अलग-अलग विद्युत जोन में सामने आ रहे हैं। इसके निराकरण के लिए लोग अब बिजली विभाग के चक्कर काट रहे हैं।

**खपत से ज्यादा का मिल रहा बिल**

मूसाखेड़ी के पंचशील कॉलोनी में रहने वाले मांगीलाल जोशी जो हर माह बिजली का बिल भरते हैं। ढाई सौ से 300 यूनिट का हर माह बिल भरने वाले उपभोक्ता को इस बार 55650 से ज्यादा का बिल भेज दिया गया जिससे पूरा परिवार सदमे में है। जोशी ने बताया कि पिछले माह उनकी माता जी का निधन हो गया था। जिससे उनका पूरा परिवार उनके दूसरे निवास पिपलियाहाना में रह रहा था। ऐसे में पिछले महीने का सामान्य बिल आने की जगह सीधे 55650 का बिल आ गया। अब बिल में सुधार के लिए डेली कालेज विद्युत जोन के चक्कर लगाने पड़ रहें है।

## यूनानी, आयुर्वेद व होम्योपैथी मेडिकल ऑफिसर भर्ती परीक्षा उलझी

### इस साल आवेदन भी नहीं, परीक्षा भी अब अगले साल मार्च से पहले नहीं

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** एमपी पीएससी(मध्य प्रदेश लोकसेवा आयोग) की यूनानी, आयुर्वेद तथा होम्योपैथी मेडिकल ऑफिसर भर्ती परीक्षा उलझ गई है। इस साल एग्जाम तो दूर आवेदन भी नहीं हो पाएंगे। एग्जाम तो अगले साल मार्च में भी मुश्किल है। पात्रता से जुड़े विवाद के कोर्ट पहुंचने के बाद आयोग ने पूरी प्रक्रिया रोक रखी है। करीब 7 माह पहले विज्ञापन जारी हुए थे और परीक्षा की तारीखें भी घोषित हो चुकी थीं। तीनों परीक्षाओं में कुल 194 पदों पर भर्ती की जाना है। अधिसूचना के अनुसार इसी साल परीक्षा, इंटरव्यू और चयन सूची जारी की जाना थी। पीएससी का कहना है कि जल्द स्थिति स्पष्ट होगी। लेकिन यह संभव नहीं लग रहा है। यदि इस माह के अंत तक निर्णय नहीं हुआ तो परीक्षा 6 माह बाद ही हो पाएगी। फिलहाल यह भी तय नहीं है कि प्रक्रिया दोबारा शुरू होने के बाद परीक्षा होगी या सीधे इंटरव्यू की व्यवस्था की जाएगी।

**संविदाकर्मियों को कोर्ट से राहत, नई लिंक खोलना बाकी–** पीएससी एक बार मार्च-अप्रैल में ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पूरी कर चुका है, लेकिन कुछ अभ्यर्थी जिन्हें पात्र नहीं माना गया था, वे कोर्ट पहुंचे थे। इनमें कुछ संविदाकर्मी भी शामिल थे, जिन्हें कोर्ट से राहत मिल गई। यह भी माना जा रहा था कि इनके लिए लिंक जल्द ओपन हो जाएगी, लेकिन अभी तक इस पर फैसला नहीं हुआ है।

**लंबे समय बाद आया मौका, उसमें भी अड़ंगे-** यह अहम एग्जाम है। इसके विज्ञापन हर साल नहीं आते बल्कि ये विभागों में पदों की जरूरत को ध्यान में रखकर जारी होते हैं।

**यूनानी मेडिकल ऑफिसर-** इस भर्ती परीक्षा में यूनानी मेडिकल ऑफिसर के 30 पदों के लिए यह प्रक्रिया की जाना है। इसमें मुख्य भाग में 27 व प्रावधिक में 3 पद रहेंगे। होम्योपैथ मेडिकल ऑफिसर पीएससी होम्योपेथ मेडिकल ऑफिसर के भी 34 पद भरेगा। लंबे समय से इन पदों की डिमांड थी। इसमें मुख्य भाग में 30 व प्रावधिक में 4 पद रहेंगे।

**आयुर्वेद मेडिकल ऑफिसर-** आयुर्वेद मेडिकल ऑफिसर के लिए रिकॉर्ड 130 पद हैं। इसमें 121 पद मुख्य भाग में व 9 पद प्रावधिक हिस्से में रखे गए हैं। एमपी पीएससी ने कोर्ट के निर्देश की जानकारी देते हुए संबंधित विभाग से पूछा है कि आगे क्या प्रक्रिया करें? क्योंकि विभाग से अनुमति के बाद ही इन अभ्यर्थियों के लिए अलग से लिंक खोली जाएगी। उसके बाद नए सिरे से एग्जाम शेड्यूल तय होगा।

## संपादकीय

# सपने और संकल्पः अचेतन मन का सच और सफलता का वास्तविक रास्ता, जानिए क्यों जरूरी हैं सपने

अपनों का अचेतन मन और कल्पना से गहरा संबंध है। सही दिशा में देखे गए सपने, जब दृढ़ संकल्प, निरंतर परिश्रम और अनुशासन से जुड़ते हैं, तभी जीवन में वास्तविक सफलता मिलती है। पढ़िए अशोक कुमार का लेख... एल्मे उल्गः मानव जीवन की उत्पत्ति के साथ ही उसकी मनोदशा के कई आयाम उसे अपनी परिधि में बांधे हुए है। व्यक्ति अपनी दिनचर्या के विभिन्न पहलुओं से आबद्ध होकर उसके निर्वहन की दिशा में सतत नैसर्गिक भूमिका में लैस होते हैं। इस दौर में उसके कार्यों में रचनात्मक और नकारात्मक अंशों के मिश्रण से अनुभूति अध्याय के अनेक मर्म निरंतर प्रकट होते रहते हैं। व्यक्ति के जाग्रत अवस्था में रोजमर्रा के वैसे इच्छित मनोभाव, जो मूर्तरूप नहीं ले पाते, वे हमारे अचेतन मन के कोश में संग्रहित हो अक्सर सपनों के रूप में उजागर होते हैं। सपनों के सरोवर में हमारी कल्पनाओं के अंश भी निरंतर यात्रा में लीन रहते हुए मस्तिष्क में जमा हो जाते हैं। दरअसल, सपने आंखें बंद होने पर खुलने वाली एक ऐसी दुनिया है, जिसे किसी ने देखा नहीं, बल्कि चेतन मन में सिर्फ महसूस किया है। जागी हुई हालत में हम जो देखते हैं, सुनते हैं, सोचते हैं या किसी कार्य को अधूरा छोड़ देते हैं, वही रात में अपने रूप बदलकर हमारी अचेतन अवस्था में सपने बुनने लगता है। इस दौर में हमारा मन कई उड़ान भरता है, जैसे कि कभी हम किसी के साथ खुशी के पल जी रहे हैं, कभी किसी से उलझ रहे हैं या कभी बचपन के आंगन में पहुंच कर भूली-बिसरी स्मृतियों में सजीव हो जाते हैं। दिन में समाज से, रिश्तों से, खुद से समझौता कर लेने के बाद जब रात में शरीर नींद में लीन होता है, हमारा संवेदनशील मन ईमानदार हो, तो बीते पलों की आहट सुनते हुए दिन में दबी इच्छा रात में चित्र का आकार ले लेती है। इसका सिरा अतीत का कोई संदर्भ भी हो सकता है। पूर्व राष्ट्रपति कलाम युवा पीढ़ी को उत्साहित करते हुए कहा करते थे कि 'रात के सपने नींद की हालत में बिस्तर पर भले आते हों, लेकिन नींद से बाहर जागी हुई स्थिति में वैचारिक सपने उस युवक को सोने नहीं देते,जिसने अपने भविष्य निर्माण का दृढ़ संकल्प लिया है। मनोविज्ञान के जनक सिगमंड फ्रायड का कथन है कि 'सपनों की व्याख्या ही अचेतन मन को समझने का मार्ग है।' वे मानते थे कि सपनों की नगरी में हमारी सुषुप्त या दमित इच्छाओं का भेष बदलकर किया गया प्रदर्शन व्यक्ति का चिंतन प्रतिबिंब है। अध्ययन बताते हैं कि स्वप्न और कल्पना में आंतरिक समन्वय की कड़ी बेहद प्रभावशाली है और दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। सपनों की सूक्ष्म तरंग को लोकहित के लिए आविष्कारों की जननी कहा जा सकता है। व्यक्ति भी इसी प्रक्रिया पथ पर चलकर भविष्य में उद्यमी, विद्यार्थी, डाक्टर, अभियंता, शिक्षक, प्रशासक या वैज्ञानिक बनने का सपना देखता है।

# सड़क दुर्घटना के बाद बढ़ा विवाद युवक से मारपीट कर लूटा वाहन

## शेरेटन होटल के सामने बाईपास की घटना

**इंदौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र में बाईपास पर मामूली टक्कर के बाद उपजे विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। बाइक सवार बदमाशों ने एक युवक की स्कूटी को टक्कर मारकर गिरा दिया और विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की, तथा जाते-जाते उसकी स्कूटी भी छीनकर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित युवक की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, अंबामोलिया निवासी 28 वर्षीय रोहित पिता रामचंद्र पाटीदार ने लसूड़िया थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वे अपनी टीवीएस एन्टार्क स्कूटी एमपी 09 एक्सएच 5714 से जा रहे थे। घटना शेरेटन होटल के सामने इंदौर बाईपास की है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि एक बाइक सवार ने अपने वाहन को अत्यधिक तेज गति और लापरवाही से चलाते हुए पीछे से उनकी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि रोहित अपनी स्कूटी सहित सड़क पर गिर पड़े, जिससे उनके दाहिने हाथ, कंधे, पैर और पंजे में गंभीर चोटें आईं। जब पीड़ित ने बाइक सवारों से कहा कि यदि आप लोगों को भी चोट लगी हो तो मैं इलाज करा देता हूं, तो टक्कर मारने की बात स्वीकार करने के बजाय आरोपी आगबबूला हो गए और उलटे विवाद करने लगे। बात बढ़ने पर आरोपियों ने रोहित के साथ सरेराह थप्पड़-मुक्कों से मारपीट कर दी। जब पीड़ित आरोपियों से बातचीत कर ही रहा था, तभी मौका पाकर उस बाइक चालक का साथी फरियादी की ही टीवीएस स्कूटी पर सवार हुआ और उसे लेकर वहां से भाग निकला। उसके साथ अन्य आरोपी भी अपने वाहनों सहित मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर आपबीती सुनाई और शिकायत दर्ज करवाई। लसूड़िया थाना पुलिस ने फरियादी रोहित पाटीदार की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस बाईपास पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपियों और लूटे गए वाहन का सुराग लगाया जा सके।

# मोबाइल हैक कर बैंक खाते से 98,000 की ऑनलाइन ठगी

## यूपीआई आईडी पर ट्रांसफर हुई रकम, एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत के बाद पुलिस ने दर्ज किया केस

**इंदौर।** चंदन नगर थाना क्षेत्र में साइबर ठगी का एक नया और शातिर मामला सामने आया है, जहां बदमाशों ने तकनीकी रूप से मोबाइल को कुछ समय के लिए हैक कर बैंक खाते से करीब 98 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर लिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, नावदा पंथ निवासी जीवन पिता सोदानसिंह चौहान ने चंदन नगर थाने में ऑनलाइन धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी जीवन चौहान ने पुलिस को बताया कि गत 10 अक्टूबर को उन्होंने अपने मोबाइल पर समय देखा था, जिसके तुरंत बाद उनका मोबाइल अचानक हैक हो गया और उसने कुछ समय के लिए काम करना बंद कर दिया। उस समय मोबाइल ने किसी भी प्रकार की कमांड लेना बंद कर दिया था। जब शाम के वक्त उनका मोबाइल ठीक हुआ और उन्होंने अपने फोनपे ऐप की ट्रांजेक्शन हिस्ट्री चेक की, तो उनके होश उड़ गए। उनके बैंक खाते से कुल 98 हजार रुपये डेबिटहो चुके थे। जांच करने पर पता चला कि यह पूरी रकम एक संदिग्ध यूपीआई आईडी MOHMD ANAS jmeelahmad 37827-1@okWi पर ट्रांसफर हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही पीड़ित ने तत्काल नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई थी। पोर्टल और प्राथमिक जांच के आधार पर चंदन नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस अब उस बैंक खाते और यूपीआई आईडी की तकनीकी डिटेल खंगाल रही है, जिसके जरिए इस ठगी को अंजाम दिया गया था।

# जैन मंदिर पर चोरों का धावा, दान पेटी तोड़कर तीन महीने की नकदी और चांदी के सिक्के ले उड़े

**इंदौर।** द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में चोरो ने फुटी कोठी मेन रोड पर स्थित एक जैन मंदिर के ताले और दान पेटी तोड़कर उसमें रखी तीन महीने की दान राशि, चांदी के सिक्के और एक छोटी दान पेटी तक चुरा ली। पुलिस के अनुसार, यह चोरी की वारदात फूटी कोठी मेन रोड स्थित श्री शीतल नाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर में हुई है। मंदिर ट्रस्ट के सचिव चेतन पिता प्रेमचंद्र भंडारी ने द्वारकापुरी थाने पहुंचकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है।?फरियादी ने पुलिस को बताया कि अज्ञात बदमाश रात के समय मंदिर परिसर में दाखिल हुए। उन्होंने मंदिर के अंदर रखी दान पेटी को बलपूर्वक तोड़ दिया, जिसमें पिछले करीब तीन महीनों से एकत्रित दान की नकदी रखी हुई थी। बदमाश दान पेटी से नकदी के अलावा चांदी के सिक्के और मंदिर में मौजूद एक अन्य छोटी दान पेटी भी अपने साथ चुरा ले गए। सुबह जब मंदिर के पट खुले, तब चोरी की इस घटना का पता चला, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई।घटना के बाद पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू किए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश तेज कर दी है ताकि जल्द से जल्द चोरों को गिरफ्तार किया जा सके।

# पुरानी रंजिश में तीन युवकों पर चाकू से हमला



**इंदौर।** आजाद नगर थाना क्षेत्र की मथुरा कॉलोनी में आपसी रंजिश के चलते दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया, जिसमें बदमाशों ने चाकू से हमला कर तीन युवकों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस के अनुसार, इस वारदात में एक पक्ष के खलील, वसीम और रेहान गंभीर रूप से घायल हुए हैं। शुरुआती जांच में सामने आया है कि आरोपियों जैद, जुबैर, फिरोज और रईस ने पुरानी रंजिश के चलते इन युवकों पर धारदार हथियारों से हमला किया। घटना की सूचना मिलते ही आजाद नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को तुरंत उपचार के लिए एमवायएच भिजवाया।

# चोरों का आतंक, सूने मकानों के ताले तोड़कर नकदी व सोने-चांदी के जेवरात उड़ाए

**इंदौर।** एरोड्रम और तिलक नगर थाना क्षेत्रों में दो अलग-अलग चोरियों की वारदातें सामने आई हैं, जहां अज्ञात बदमाश घरों के ताले और अलमारियां तोड़कर लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण और नगदी चुराकर फरार हो गए। पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

एरोड्रम थाना क्षेत्र के आइडिया मल्टी बिल्डिंग, स्कीम नंबर 155 में रहने वाले शिवपाल वर्मा पिता रामतीरथ वर्मा के घर अज्ञात चोरों ने धावा बोला। बदमाशों ने सूने मकान का फायदा उठाते हुए घर के अंदर प्रवेश किया और अलमारी व सामान को खंगाला। फरियादी के अनुसार, चोर उनके घर से एक पुरानी इस्तेमालशुदा सोने की कान की बाली, एक पुरानी इस्तेमालशुदा सोने के गले का हार का सेट, चांदी की दो पायलों का सेट, सोने से बनी मां सरस्वती की मूर्ति और 25,000 रुपये नकद चुरा ले गए। वहीं, दूसरी घटना तिलक नगर थाना क्षेत्र की है, जहां परिचारिका नगर ब्लॉक-ए स्थित ग्रीन लैंड अपार्टमेंट में रहने वाली कुसुम पति संजय गुप्ता के घर चोरों ने बड़ी चोरी को अंजाम दिया। फरियादी कुसुम ने पुलिस को बताया कि अज्ञात बदमाश उनके घर की अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे बेशकीमती जेवरात और नगदी चुरा ले गए। चोरी गए सामान में चांदी के तीन जोड़ी पायल, चांदी के गणेश जी की मूर्ति, चांदी के 10 सिक्के, चांदी की दो चेन, चांदी का ब्रेसलेट, चांदी की बिछिया, नाक की एक लौंग, सोने की एक नथ, सोने के कान की बालियों का एक जोड़ा, सोने का एक मंगलसूत्र और पैंडल शामिल है। इसके अलावा, चोरों ने घर के अन्य कमरों से भी एक जोड़ी चांदी की पायल, कान के टाप्स, सोने की एक अंगूठी और लगभग 85,000 रुपये नकद चोरी कर लिए। दोनों ही मामलों की सूचना मिलते ही संबंधित थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और फॉरेंसिक टीम की मदद से साक्ष्य जुटाए। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि चोरों के सुराग मिल सकें और आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जा सके।

# सूने फ्लैट का ताला तोड़कर तोड़फोड़ और चोरी

**इंदौर।** पंढरीनाथ थाना क्षेत्र में संपत्ति विवाद और जबरन घुसपैठ का एक मामला सामने आया है, जहां आरोपियों ने एक फ्लैट का ताला तोड़कर न सिर्फ भारी तोड़फोड़ की, बल्कि घर में रखा कीमती सामान और आभूषण भी गायब कर दिए। पुलिस ने आवेदिका के बयानों और जांच में पुष्टि होने पर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, कटजू कॉलोनी निवासी शोभा पति हरिश मिरानी ने पंढरीनाथ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। घटना जवाहर नगर स्थित आवेदिका के फ्लैट की है। शिकायत और जांच में सामने आया कि गत 23 अगस्त को अनावेदक मनीष होतवानी और ठेकेदार उस्मान गनी उर्फ राजा पिता मोहम्मद इस्माइल ने बिना किसी वैध अनुमति या कानूनी अधिकार के आवेदिका के जवाहर नगर स्थित फ्लैट में अवैध रूप से प्रवेश किया। आरोपियों ने फ्लैट के अंदर जमकर तोड़फोड़ की, दीवारों व दरवाजों को नुकसान पहुंचाया और घर के सामान को पूरी तरह से अस्त-व्यस्त कर दिया। फरियादिया द्वारा दी गई रिपोर्ट और जांच के दौरान यह भी सामने आया कि इस तोड़फोड़ के दौरान घर में रखे सोने-चांदी के आभूषण, मोबाइल फोन, घड़ियां और अन्य कीमती घरेलू सामान गायब पाया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आवेदिका शोभा मिरानी के कथनों और साक्षियों के बयानों के आधार पर तकनीकी व मैदानी जांच की। जांच में अनावेदकगण की संलिप्तता की पुष्टि होने पर पंढरीनाथ थाना पुलिस ने मनीष होतवानी और ठेकेदार उस्मान गनी उर्फ राजा के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस मामले की आगे की विवेचना कर रही है।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| | | |
|---|---|---|
| | गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
| | 149400 | 149700 |
| | सिल्वर कैश | एमसीएक्स |
| | 223000 | 223000 |

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है ▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

# बाजारों में यातायात नियंत्रण दल क्यों नहीं?

## ऑटो और ई-रिक्शा की अवैध पार्किंग से जूझते व्यापारी, जाम में फंसते ग्राहक; बाजारों की जरूरत के मुताबिक हो अलग व्यवस्था- अक्षय जैन

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** इंदौर के व्यस्त व्यापारिक बाजारों में यातायात अव्यवस्था अब केवल आम नागरिकों की परेशानी नहीं रह गई है, बल्कि व्यापार की गति को भी प्रभावित कर रही है। संकरी सड़कों पर बेतरतीब खड़े ऑटो और ई-रिक्शा, सड़कों पर कब्जा जमाए वाहन और पार्किंग के अभाव में परेशान ग्राहक बाजारों की रोजमर्रा की तस्वीर बन गए हैं। सवाल यह है कि जिन बाजारों से सरकार को करोड़ों रुपए का राजस्व मिलता है, वहां यातायात प्रबंधन की जिम्मेदारी केवल सामान्य यातायात पुलिस के भरोसे क्यों छोड़ी जाए? क्या व्यापारिक बाजारों के लिए अलग यातायात नियंत्रण दल की व्यवस्था जरूरी नहीं है?

**बाजार की परेशानी, व्यवस्था की अनदेखी-** राजवाड़ा, खजूरी बाजार, सराफा, मारोठिया बाजार, सीतलामाता बाजार और आसपास के व्यस्त व्यापारिक क्षेत्रों में खरीदारी के लिए आने वाले लोगों को कई बार दुकान तक पहुंचने से पहले ही जाम से जूझना पड़ता है। ऑटो और ई-रिक्शा चालक सवारी बैठाने या उतारने के लिए जहां जगह मिलती है, वहीं वाहन रोक देते हैं। कई स्थानों पर लंबे समय तक खड़े वाहन सड़क की चौड़ाई कम कर देते हैं। नतीजा यह कि पीछे वाहनों की कतार लग जाती है और पैदल चलने वालों के लिए भी रास्ता मुश्किल हो जाता है। इसका असर सीधे व्यापार पर पड़ता है। ग्राहक बाजार में आने से कतराने लगते हैं, दुकानदारों का समय खराब होता है और आपात स्थिति में एंबुलेंस या अन्य जरूरी वाहनों के निकलने तक का रास्ता बाधित हो सकता है। व्यापारियों की समस्या केवल दुकान के सामने वाहन खड़े होने तक सीमित नहीं है, बल्कि बाजार तक सहज पहुंच और सुरक्षित आवाजाही भी इससे जुड़ी है।

**सामान्य यातायात व्यवस्था से कैसे चलेगा काम?-** यातायात पुलिस पर शहर के चौराहों, मुख्य मार्गों, दुर्घटनाओं और वीआईपी आवाजाही जैसी कई जिम्मेदारियां हैं। सीमित संसाधनों और कर्मचारियों के बीच हर बाजार की गली, प्रवेश मार्ग और पार्किंग स्थल पर लगातार निगरानी करना आसान नहीं है। ऐसे में केवल चालान बनाकर समस्या का स्थायी समाधान संभव नहीं। जरूरत इस बात की है कि प्रमुख व्यापारिक क्षेत्रों की भौगोलिक स्थिति, दुकानों की संख्या, ग्राहकों की आवाजाही और वाहनों के दबाव को ध्यान में रखकर अलग व्यवस्था बनाई जाए। बाजारों में यातायात नियंत्रण दल तैनात हो, जो केवल जाम खुलवाने तक सीमित न रहे, बल्कि अवैध पार्किंग रोकने, ऑटो-ई-रिक्शा के लिए निर्धारित स्थान तय करने और पैदल रास्तों को बाधामुक्त रखने की जिम्मेदारी भी निभाए।

**बाजार के लिए बाजार-केंद्रित व्यवस्था-** प्रमुख बाजारों के प्रवेश और निकास मार्गों पर प्रशिक्षित यातायात कर्मियों की तैनाती हो। ऑटो और ई-रिक्शा के लिए निर्धारित पिकअप-ड्रॉप पॉइंट बनाए जाएं। नो-पार्किंग क्षेत्रों में नियमित निगरानी हो और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर समान रूप से कार्रवाई की जाए। व्यापारिक संगठनों, नगर निगम और यातायात पुलिस की संयुक्त समिति बनाकर प्रत्येक बाजार की समस्याओं का स्थायी समाधान निकाला जा सकता है। व्यापारियों को भी इस व्यवस्था का सहयोगी बनाया जाए। बाजारों के प्रतिनिधियों से नियमित संवाद हो, ताकि सड़क, पार्किंग और लोडिंग-अनलोडिंग से जुड़ी समस्याओं की पहचान समय रहते की जा सके।

**सवाल व्यवस्था का नहीं, प्राथमिकता का है-** इंदौर को स्वच्छता के साथ सुव्यवस्थित यातायात के लिए भी पहचान बनानी है। इसके लिए जरूरी है कि व्यापारिक बाजारों को केवल राजस्व देने वाले क्षेत्र के रूप में नहीं, बल्कि शहर की आर्थिक धड़कन के रूप में देखा जाए। जब बाजारों में ग्राहक पहुंचने से पहले जाम से लड़ता है, तब इसका नुकसान व्यापारी, नागरिक और शहर तीनों को होता है। सवाल सीधा है जब बाजारों की समस्याएं अलग हैं, तो उनके यातायात प्रबंधन की व्यवस्था अलग और प्रभावी क्यों नहीं हो सकती? क्या प्रशासन किसी बड़ी दुर्घटना या गंभीर विवाद का इंतजार करेगा, या समय रहते बाजार-केंद्रित यातायात नियंत्रण दल बनाकर समस्या का समाधान करेगा? अब जरूरत आश्वासनों की नहीं, जमीन पर दिखाई देने वाली व्यवस्था की है।

# खाद्य विभाग का छापा, 11,800 लीटर अवैध पेट्रोलियम पदार्थ जब्त

## प्रोपराइटर और प्रबंधकों के खिलाफ केस दर्ज

**इंदौर।** भंवरकुआं थाना क्षेत्र के पालदा उद्योग नगर स्थित एक फर्म में बिना किसी वैध अनुमति के भारी मात्रा में ज्वलनशील पेट्रोलियम पदार्थ का अवैध भंडारण और व्यापार करने का मामला सामने आया है। खाद्य विभाग की टीम ने पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए मौके से हजारों लीटर केमिकल, टैंकर और लोडिंग वाहन जब्त कर गोदाम को सील कर दिया है। पुलिस ने आपूर्ति अधिकारी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, कलेक्टोरेट खाद्य शाखा मोती तबेला के सहायक आपूर्ति अधिकारी सवेसिंह गामड़ ने थाना भंवरकुआं में एक लिखित आवेदन और जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया था। प्रतिवेदन के अनुसार, पालदा उद्योग नगर स्थित प्लॉट नंबर 4243 पर संचालित मेसर्स कृष्णा एंटरप्राइजेस में अवैध रूप से ज्वलनशील रसायन का भंडारण करने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर खाद्य विभाग की टीम ने मौके पर दबिश दी। जांच के दौरान पाया गया कि फर्म के प्रोपराइटर विनय अग्रवाल, विनोद अग्रवाल तथा प्रबंधक सौरभ सोलंकी एवं केवलराम सारदिया द्वारा बिना किसी वैध लाइसेंस या अनुमति के भारी मात्रा में ज्वलनशील पेट्रोलियम पदार्थ मिनरल टर्पेंटाइन ऑयल का अवैध स्टॉक जमा कर उसका क्रय-विक्रय किया जा रहा था। कार्रवाई के दौरान पुलिस और खाद्य विभाग की टीम ने मौके से 59 नग ड्रमों में भरा लगभग 11,800 लीटर अवैध ज्वलनशील पदार्थ, 01 लोडिंग वाहन और 01 टैंकर जब्त किया है। टीम ने मौके पर ही जब्ती पंचनामा बनाकर पूरे गोदाम को सील कर दिया है। आरोपियों का यह कृत्य मध्य प्रदेश विलायक रेफिनेट और स्लॉप नियम 2000 का स्पष्ट उल्लंघन पाया गया, जो आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत दंडनीय अपराध है। भंवरकुआं थाना पुलिस ने सहायक आपूर्ति अधिकारी की रिपोर्ट पर आरोपी प्रोपराइटर विनय अग्रवाल, विनोद अग्रवाल तथा प्रबंधक सौरभ सोलंकी और केवलराम सारदिया के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम सहित संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की आगे की कानूनी विवेचना में जुटी हुई है।

# कैफे में दो गुट भिड़े,पार्किंग में जमकर मारपीट



**इंदौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र के एक कैफे में आपसी बात को लेकर युवकों के दो गुट आपस में भिड़ गए। विवाद इतना बढ़ा कि पार्किंग क्षेत्र में दोनों पक्षों के बीच जमकर लात-घूंसे चले। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसके आधार पर पुलिस अब आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

यह पूरी घटना लसूड़िया थाना क्षेत्र के अपोलो गोल्ड प्राइम बिल्डिंग के एक कैफे में देर रात घटी। शुरुआती जांच में सामने आया है कि कैफे में तीन से चार युवक पहुंचे थे, जिनका किसी बात पर वहां के स्टाफ से विवाद हो गया था। इस दौरान कुछ अन्य युवकों ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, जिससे स्थिति और बिगड़ गई और दोनों गुटों के बीच तीखी झड़प शुरू हो गई।?देखते ही देखते विवाद ने हिंसक रूप ले लिया और कैफे की पार्किंग में युवक एक-दूसरे पर लात-घूंसे बरसाने लगे। मौके पर मौजूद सुरक्षा गार्ड ने युवकों को शांत कराने और रोकने का काफी प्रयास किया, लेकिन जब वे नहीं माने तो तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस के आने से पहले ही सभी आरोपी मौके से फरार हो चुके थे। प्रारंभिक छानबीन में विवाद में शामिल कुछ युवकों के नाम सामने आए हैं। पुलिस वायरल हो रहे वीडियो के तकनीकी फुटेज की मदद से युवकों की पहचान कर रही है और उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।


## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अनवर हुसैन पिता श्री मुमताज हुसैन, निवासी 59, पवनपुरी कॉलोनी, पालदा, इन्दौर (म.प्र.) यह जाहिर सूचना प्रकाशित करता हूँ कि मेरा पुत्र मोहम्मद जुनेद शेख पिता अनवर हुसैन एवं उसकी पत्नी श्रीमती सानिया वारसी मेरे साथ मकान नं. 59, पवनपुरी कॉलोनी, पालदा, इन्दौर में निवास नहीं करते हैं तथा दोनों पृथक रूप से निवास करते हैं। यह भी स्पष्ट किया जाता है कि मोहम्मद जुनेद शेख एवं श्रीमती सानिया वारसी से मैंने एवं मेरे परिवार के सभी सदस्यों ने अपने समस्त पारिवारिक एवं अन्य संबंध समाप्त कर लिए हैं। अब उक्त दोनों व्यक्तियों से मेरा अथवा मेरे परिवार के किसी भी सदस्य का किसी भी प्रकार का कोई नाता, संबंध, सरोकार या वास्ता नहीं है। साथ ही, मोहम्मद जुनेद शेख एवं श्रीमती सानिया वारसी को मेरी एवं मेरे परिवार की समस्त चल-अचल संपत्तियों से पृथक एवं बेदखल किया जा चुका है तथा उक्त संपत्तियों में उनका किसी प्रकार का कोई अधिकार, हित, दावा अथवा सरोकार नहीं है। उक्त दोनों व्यक्तियों द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के व्यक्तिगत कार्य, व्यवहार, लेन-देन, दायित्व, विवाद, दावा अथवा न्यायिक/कानूनी कार्यवाही के लिए मेरा अथवा मेरे परिवार के किसी भी सदस्य का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त दोनों व्यक्तियों के संबंध में कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार का व्यवहार, लेन-देन अथवा अन्य कार्य करता है, तो वह अपने स्वयं के जोखिम एवं जिम्मेदारी पर करेगा तथा इसके लिए मैं अथवा मेरे परिवार का कोई भी सदस्य उत्तरदायी नहीं होगा।

**सूचनाकर्ता-अनवर हुसैन पिता श्री मुमताज हुसैन**
**निवासी 59, पवनपुरी कॉलोनी, पालदा, इन्दौर (म.प्र.)**


# जहां ठहरी थी टीम इंडिया वहां अंधेरे में खोए थे रियल हीरो

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** हाल ही में इंदौर में हुए भारत और वेस्टइंडीज के टी20 मैच में भाग लेने के लिए इंदौर आई भारतीय क्रिकेट टीम जिस होटल में ठहरी हुई थी उसके पास में लगी हुई इंदौर के रियल हीरो की स्टेचू अंधेरे में गुम रही। इंदौर शहर को स्वच्छता में देश में नंबर वन का खिताब सातवीं बार मिलने को यादगार बनाए रखने के उद्देश्य से रेडिसन होटल चौराहे पर नगर निगम द्वारा रियल हीरो की सुंदर प्रतिकृति बनाई गई थी। इस सुंदर एवं आकर्षक प्रतिकृति में सफाई मित्रों को स्वच्छता के रियल हीरो दर्शाया गया है। इस प्रतिकृति को बड़े ही सुंदर ढंग से बनाया गया था और इस पर आकर्षक विद्युत सजावट भी की गई थी, लेकिन पिछले 6-7 माह से यह स्थल नगर निगम की उपेक्षा का शिकार है। यहां लगी सभी लाइटें बंद हो गई हैं। स्टैच्यू भी टेढ़े-मेढ़े हो रहे हैं। इस परिसर में लगाई गई हरियाली भी सूखने लगी है। आश्चर्य तो इस बात का है कि पिछले शनिवार से होटल रेडिसन में 2 देशों की क्रिकेट टीमें उनके कोच, पूरा स्टाफ देश विदेश की मीडिया के प्रतिनिधि इसी होटल में ठहरे हुए थे इसके बावजूद भी शहर के गौरव और इंदौर की पहचान दर्शाने वाले स्वच्छता के इस मॉडल नगर निगम इन लोगों के सामने भी नहीं दिखा पाया। यह स्थल अंधेरे में ही डूबा रहा।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग वि/यां सम्भाग (ओल्ड पलासिया) इन्दौर

E-mail ID:-eepwdelecind@mp.nic.in

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 47/व.ले.लि/वि./या./2025-26 — इन्दौर दिनांक-07.10.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| स.क्र. | टेण्डर नं. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (लाख में) | अमानत राशि (रु.) | निविदा प्रपत्र की अवधि | ठेकेदार की श्रेणी | कार्यपूर्ण करने की निर्धारित अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2026_PWDRB_541609_1 | एम.जी.एम.सुपर स्पेशलिटी अस्पताल इन्दौर की एच.वी.ए.सी. सिस्टम मय वाटर कूलर स्क्रू चिलर मय वी.एफ.डी., एएच.यू. एफ.सी.यू., एक्सियल फेन, कूलिंग मय पाईप एवं एच.वी.ए.सी. सिस्टम, हेतु विद्युत वायरिंग एवं बी.एम.एस. सिस्टम का ऑपरेशन एवं एचएक्स भवन में वी.आर.वी. हिटिंग वेन्टिलेशन ए.सी. का वार्षिक मरम्मत एवं संधारण का कार्य। | इन्दौर | 93.58 | 93.580/- | 10,000/- | केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. पंजीकरण | 12 माह वर्षाकाल सहित |
| | | कुल राशि रु. | | रु.93.58 | | | | |

1. उपरोक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन पेमेंट करने के पश्चात बिड डॉक्यूमेंट क्रय किया जा सकता है। 2. बिड प्रस्तुत करते समय बिड प्रस्तुतकर्ता को निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करना आवश्यक है। 1. बिड डॉक्यूमेंट की खरीदी का प्रमाण, 2. अरनेस्ट मनी जमा करने का प्रमाण, 3. चेक लिस्ट, 4. एफिडेविट आदि अन्य विस्तृत जानकारी बिड डाटा शीट में देखी जा सकती है।
3. निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने की तिथि दिनांक 12.10.26 सुबह 10:30 से दिनांक 24.10.26 सांय 17:30 बजे तक निर्धारित है।
4. निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन पेपर पब्लिकेशन में नहीं किया जाकर सिर्फ वेबसाईट पर ही किया जावेगा।

जी-19943/26

कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि. वि/यां संभाग, इदौर

# राज्य स्तरीय योग स्पोर्ट्स चैंपियनशिप के लिए खिलाड़ी चयनित

**इंदौर।** कार्पोरेशन योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा पोलोग्राउंड स्थित पुलिस कम्युनिटी हॉल में आयोजित इंदौर जिला योग स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में मेड़तवाल पब्लिक स्कूल के छात्र एवं छात्राओं ने अपने-अपने आयु वर्गों में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर टॉप 16 में जगह बनाई यह सभी छात्र एवं छात्राएं आगामी माह में आयोजित 44 वी मध्य प्रदेश राज्य योग स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में इंदौर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।



चयनित छात्र इस प्रकार है - वंश बाबुडकर, रियांश बैरागी,हितांश पटेल,यश सोंधिया,मयूर कुशवाह,अथर्व कुशवाह, पार्थ वर्मा, हर्ष यादव, समर्थ वर्मा, विधि चौहान,निष्ठा गौड़, रेवा अग्निहोत्री, वंशिका सेन, सारिका वर्मा, गरिमा सेन, यशिका जैन, अंशिका बच्चाने, लक्षिता अछानिया। इस उपलब्धि पर डायरेक्टर डॉ अनिल गुप्ता, प्राचार्या प्रीति गुप्ता,प्रशिक्षक ईश्वर सिंह चौहान एवं समस्त स्टाफ ने बधाई।

# अंतरविद्यालयीन 6-रेड स्नूकर चैंपियनशिप का शुभारंभ

**इंदौर ।** न्यू दिगंबर पब्लिक स्कूल में आयोजित तृतीय आमंत्रण अंतरविद्यालयीन 6-रेड स्नूकर टीम एवं व्यक्तिगत चैंपियनशिप का शुभारंभ हुआ । इस चैंपियनशिप का उद्देश्य युवा खिलाड़ियों के बीच स्नूकर जैसे क्यू स्पोर्ट्स को प्रोत्साहित करना है।



चैंपियनशिप का उद्घाटन विद्यालय के प्राचार्य विंस्टन गोमेज़, मैनेजर डीएम. ठोकर एवं खेल समन्वयक सीमांत श्रीवास्तव द्वारा किया गया । इस अवसर पर कोच केतन चावला एवं दीपक गौड़ भी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में 10 विद्यालयों के लगभग 110 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। चैंपियनशिप में अंडर-15 बालक वर्ग व्यक्तिगत, अंडर-19 बालक व्यक्तिगत, अंडर-19 बालिका व्यक्तिगत तथा अंडर-19 बालक टीम स्पर्धाएँ आयोजित की जा रही हैं।

अंडर-19 बालिका वर्ग के मुकाबलों में एनडीपीएस की ज़हरा गेसवाला ने शिशुकुंज की वान्या भंडारी को 2-1 से पराजित किया। शिशुकुंज की चारु लड्ढा ने श्री सत्य साईं विद्या विहार की मायशा अग्रवाल को 2-0 से हराया, जबकि डीपीएस की अमायरा कोहली ने शिशुकुंज की सिया धनोतिया को 2-1 से शिकस्त दी।

## नंद कागजारा के शतकीय प्रहार से एमवायसीसी की शानदार जीत

**इंदौर।** सचिव देवाशीष निलोसे ने बताया कि आईडीसीए द्वारा आयोजित एवं एमपीसीए द्वारा प्रायोजित एमपीसीए अंडर-15 दो दिवसीय क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत एमवायसीसी एवं एसबीसीए के मध्य मैच खेला गया जिसमें एसबीसीए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 65 ओवरो में सभी विकेट खोकर 241 रन बनाए । आकाश देवजानी ने 69 रन, विनित राठौर ने 46 रन एवं विनोद भगोले ने नाबाद 44 रनों का योगदान दिया । नमन जैन ने घातक गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट एवं साद नागोरी ने 3 विकेट लिए । जवाब में एमवायसीसी की टीम ने अपनी पहली पारी में 58 ओवरो में 9 विकेट खोकर 296 रन बनाये और 55 रनों की महत्वपूर्ण बढत प्राप्त की । नंद कागतारा ने 24 चैको एवं 4 छक्को की मदद से आक्रामक 158 रन एवं भव्य चैहल ने 50 रन बनाए । रवि तिवारी ने 4 विकेट लिए । जवाब में एसबीसीए ने मैच समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में 25 ओवरो में 1 विकेट खोकर 144 रन बना लिए थे। हार्दिक तिवारी ने नाबाद 76 रन एवं रवि तिवारी ने 41 रनों का योगदान दिया। इस तरह एमवायसीसी ने यह मैच अपनी पहली पारी की 55 रनों की बढत के आधार पर जीत लिया ।

## महिला खिलाडियों पंजीयन प्रारंभ

**इंदौर।** आईडीसीए द्वारा सत्र 2026-27 हेतु महिला क्रिकेट खिलाडी एवं क्लबों का पंजीयन 12 अक्टूंबर से प्रारंभ किया है । सचिव देवाशीष निलोसे एवं महिला क्रिकेट संयोजक नरेन्द्र राठौर ने बताया कि पजीयन 9 वर्ष से अधिक उम्र की महिला खिलाडियों के लिए होगा । महिला खिलाडियों के साथ ही क्लब का पंजीयन करवाना भी आवश्यक होगा । पंजीयन करवाने की इच्छूक सभी खिलाडियों को अपनी पिछली 3 वर्ष की अंकसूची, डिजिटल जन्म प्रमाणपत्र, आधार कार्ड एवं आधार कार्ड हिस्ट्री आवश्यक रूप से फार्म के साथ जमा करना होगी । इसके अभाव में पंजीयन नहीं हो पायेगा। पंजीयन करने की इच्छुक महिला खिलाडी आईडीसीए कार्यालय में अभिषेक पंचोली, अजित राजौरिया एवं योगेश तोमर से शाम 5 से 7 बजे के मध्य सम्पर्क कर सकती है।

# नित्या को डबल क्राउन, मेधांश-प्रणीत भी विनर

**इंदौर।** जी.एच. रायसोनी मेमोरियल 59वीं मध्यप्रदेश स्टेट जूनियर (अंडर-17 एवं 19) बैडमिंटन चैंपियनशिप 2026 का सोमवार को रोमांचक समापन हो गया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन कोर्ट पर युवा खिलाड़ियों ने शानदार खेल कौशल, गति और अनुशासन का प्रदर्शन कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं।




प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबलों में नित्या जादौन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दोहरा खिताब अपने नाम किया। नित्या ने अंडर-17 और अंडर-19 दोनों ही वर्गों के गर्ल्स सिंगल्स में जीत दर्ज कर अपना दबदबा कायम किया। वहीं अंडर -19 बॉयज सिंगल्स में प्रणीत सोमानी, अंडर-17 ब्वॉयज सिंगल्स में मेधांश शर्मा और अंडर-19 मिक्स्ड डबल्स में रुद्र प्रताप ठाकुर व कृति तिवारी की जोड़ी ने खिताबी जीत हासिल की। फाइनल मुकाबलों में अंडर-17 गर्ल्स सिंगल्स नित्या जादौन ने उत्कृष्ट खेल दिखाते हुए मुस्कान जाट (धार) को 15-12, 15-7 से सीधे सेटों में पराजित कर पहला खिताब जीता। अंडर-19 गर्ल्स सिंगल्स एक बेहद संघर्षपूर्ण और रोमांचक मुकाबले में नित्या जादौन ने माही पवार (धार) को 16-18, 15-7, 15-12 से हराकर प्रतियोगिता में अपना दूसरा खिताब हासिल किया। अंडर-19 ब्वॉयज सिंगल्स में प्रणीत सोमानी ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए शौर्य मिश्रा (इंदौर) को 15-8, 15-17, 15-5 से हराकर चैंपियनशिप ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। अंडर-17 ब्वॉयज सिंगल्स में मेधांश शर्मा ने फाइनल में काव्य शर्मा (इंदौर) के खिलाफ 15-6, 16-14 से जीत दर्ज कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। पुरस्कार वितरण प्रवीण कक्कर, सुमित नांदेड़कर, प्रवीण सिंगला, प्रदीप शर्मा, अमित कुलकर्णी, अंबरीश नाडकर, दीपक श्रीवास्तव, जावेद खान ने किया।

## अक्षत का चयन मप्र हाकी टीम में

**इंदौर।** मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय खेल हॉकी की सबसे पुरानी नर्सरी कहलाने वाले इंदौर के प्रकाश क्लब के प्रतिभाशाली खिलाड़ी अक्षत यादव का चयन मध्य प्रदेश की सीनियर टीम में किया गया है। प्रकाश क्लब के सचिव देवकीनंदन सिलावट ने बताया कि मध्य प्रदेश टीम की घोषणा हाकी मध्य प्रदेश संगठन के महासचिव लोकबहादुर ने की। अक्षत मध्य प्रदेश टीम में शामिल इंदौर के एकमात्र खिलाड़ी हैं। मध्य प्रदेश टीम झांसी (उत्तर प्रदेश) में आयोजित 16वीं सीनियर पुरुष राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप में हिस्सा लेगी। यह टूर्नामेंट 21 अक्टूबर तक खेला जाएगा।



# मध्यप्रदेश के दो खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

**इंदौर।** मध्यप्रदेश के युवा क्यूइस्ट ईशिका शाह और उजैर खान ने दूसरी कॉमनवेल्थ क्यू स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किए ।



अहमदाबाद के वीर सावरकर स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में आयोजित प्रतियोगिता के महिला स्नूकर स्पर्धा में मध्य प्रदेश की ईशिका शाह ने 6 रेड स्नूकर में उम्दा खेल दिखाया, लेकिन वे कांस्य पदक ही जीत सकी । वहीं उजैर ने सेमीफाइनल में भारत के ही पारस गुप्ता ने 6-5 से हराया। यह उजैर का पहला अंतरराष्ट्रीय पदक है। इस स्पर्धा में हेबॉल इवेंट का यह भारत का पहला पदक है। इस सफलता पर मध्यप्रदेश बिलियर्ड्स एवं स्नूकर के चेयरमैन श्री भोलू मेहता, बिलियर्ड्स एवं स्नूकर फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव श्री सुनील बजाज, कोषाध्यक्ष श्रीमती अश्विनी पुराणिक ने बधाई दी। प्रतियोगिता के समापन समारोह में भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष डॉ. पीटी ऊषा मुख्य अतिथि थीं।

## इंदौर के जयेश भारतीय पेरा दल के मुख्य प्रशिक्षक नियुक्त

**इंदौर।** जापान के आयाची निगोया में होने वाले एशियन पेरा गेम्स में भारतीय पेरा टेबल टेनिस टीमों के मुख्य प्रशिक्षक के रूप में मध्य प्रदेश के जयेश आचार्य की नियुक्ति हुई है। पेरा टेबल टेनिस प्रमोशन एसोसिएशन के अध्यक्ष ओम सोनी और महासचिव प्रमोद गंगराड़े ने बताया भारतीय पेरा दल 14 अक्टूबर को जापान पहुंचेगी । 19 सदस्य दल में भारत की ओलंपिक पदक विजेता भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।



# मलखंब सेंटर इंदौर की सुहानी का चयन मध्यप्रदेश शालेय टीम में हुआ



**इंदौर।** विदिशा में आयोजित 70वी राज्य स्तरीय शालेय मलखंब प्रतियोगिता में इंदौर संभाग की अंडर 14 टीम ने रजत पदक एवं अंडर 17 टीम ने कांस्य पदक जीता । अंडर 14 टीम के अतिरिक्त व्यक्तिगत इवेंट में सुहानी खमरोलिया को कांस्य पदक प्राप्त हुआ। एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए मध्यप्रदेश टीम में चयन हुआ। अंडर 17 टीम में खुशबू मंगरोलिया एवं सिद्धि श्रीवास्तव का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा । यह तीनों खिलाड़ी मलखंब सेंटर, डी आर पी लाइन, इंदौर में प्रशिक्षक सन्तोष राठौर से प्रशिक्षण लेते है । सुहानी के चयन पर जिला खेल अधिकारी रीना चौहान, प्रशिक्षक संतोष राठौर, अंजली गुप्ता ने बधाई दी।



# अल्शिफा कुरैशी कन्याकुमारी के लिए चयनित

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** एस के आई एफ कराते मध्यप्रदेश स्टेट की कैडेट मेडलिस्ट छात्रा अल्शिफा कुरैशी को एलेट स्पोर्ट्स की सर्वसम्मति ने कन्याकुमारी राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए मध्यप्रदेश कराते टीम की कमान सौंप दी है। वे आगामी स्पर्धाओं में टीम को अपने काता व कुमिते के दम पर पदक जीताते हुए दिखेंगे। स्काई मार्शल आर्ट की राज्य स्तरीय स्पर्धा और खेलो इंडिया लीग के लिए भी हिस्सा लेंगी। सबकी निगाहे उनके स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के नेशनल जो कि कन्याकुमारी में होगा उस पर भी जमी हुई होंगी।

# इंदौरी सविता भारतीय जूनियर गर्ल्स टीम की कोच नियुक्त

**इंदौर ।** इंदौर की अंतरराष्ट्रीय विक्रम अवार्डी खिलाड़ी व कोच सविता पारखे को भारतीय साफ्टबॉल संघ ने चाइना के वैहई में खेली जा रही तीसरी अंडर-15 एशियन कप स्पर्धा के लिए भारतीय जूनियर गर्ल्स टीम का कोच नियुक्त किया है । भारतीय साफ्टबॉल संघ के अध्यक्ष श्री रमेश मेंदोला ने टीम की घोषणा की जिसमें कोच की भूमिका के लिए इंदौर की सविता पारखे को जिम्मेदारी दी है । सविता इसके पहले भी अमेरिका में जूनियर वर्ल्ड कप, थाईलैंड में एशियन सीनियर, चाइना में ही अंडर-15 स्पर्धा में वे टीम को लेकर जा चुकी है, जहां सफलताएं भी मिली है।

### तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर कार ने मारी टक्कर

# बाइक सवार युवक की मौत,दो साथी घायल

**देर रात चाय पीकर लौटते वक्त हुए हादसे का शिकार**

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**संयोगितागंज थाना क्षेत्र के शिवाजी वाटिका चौराहे के पास एक भीषण सड़क हादसा सामने आया है, जहां एक तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर कार ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। इस दर्दनाक हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके दो अन्य साथी गंभीर रूप से घायल हो गए।**



पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान 19 वर्षीय आदिल पिता अब्बास, निवासी मथुरा मैदान, आजाद नगर के रूप में हुई है। हादसे में घायल होने वाले युवकों में अल्फेज पिता रब्बान(18) और अल्लू (16 वर्ष) निवासी आजाद नगर शामिल है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि आदिल अपने साथियों के साथ देर रात सरवटे बस स्टैंड पर चाय पीने गए थे और देर रात मोटरसाइकिल से वापस अपने घर लौट रहे थे। जब वे शिवाजी वाटिका चौराहे के पास पहुंचे, तभी एक अनियंत्रित फॉर्च्यूनर कार के चालक ने उनके वाहन को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि आदिल की मौके पर ही जान चली गई। जबकि अल्फेज और अल्लु गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल किया गया है।वहीं मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।संयोगितागंज पुलिस ने मर्ग कायम कर फरार फॉर्च्यूनर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# बाइक के सामने आया श्वान पीछे बैठी महिला की गई जान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिल के सामने अचानक श्वान आ जाने के कारण चालक को अचानक ब्रेक लगाने पड़े। इस वजह से बाइक असंतुलित होकर फिसल गई और उस पर सवार महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिनकी बाद में अस्पताल में मौत हो गई।**

पुलिस के अनुसार, मृतका शांति बाई पति फूलचंद(44) कोठवारा जिला धार की रहने वाली थीं। घटना के समय वे अपने एक रिश्तेदार के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर गुजर रही थीं। जब वे तेजाजी नगर से गुजर रही थीं, तभी अचानक रास्ते में एक श्वान सामने आ गया। श्वान को बचाने के चक्कर में बाइक चालक को अचानक ब्रेक लगाने पड़े, जिससे मोटरसाइकिल का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर फिसल गई। हादसे में शांति बाई नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है। बेटमा रोड पर हुए एक अन्य सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार एक युवक की मौत हो गई।मृतक की पहचान अमन पिता जीवन (19) निवासी रंगवासा, देपालपुर के रूप में हुई है। अमन किसी काम से जा रहा था तभी सड़क हादसे का शिकार हो गया।घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है एवं पुलिस द्वारा हादसे के कारणों की बारीकी से जांच की जा रही है।

# मासूम की संदिग्ध मौत

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। लसूडिया थाना क्षेत्र के सिंगापुर ग्रीन व्यू निवासी 5 वर्षीय मासूम की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। सूत्रों के मुताबिक मासूम को कोई चोट लगी थी जिसके बाद उसे बचाया नहीं जा सका। वहीं परिजन का कहना है कि यह नेचुरल मौत है। पुलिस मामले की जांच करेगी।**

# कार के डैशबोर्ड में मिली 12 ग्राम एमडी ड्रग्स, दो गिरफ्तार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

किला मैदान रोड पर भैरव मंदिर के सामने संदिग्ध हालत में खड़ी अल्टो कार की तलाशी में क्राइम ब्रांच को 12 ग्राम एमडी ड्रग्स मिली। पुलिस ने कार में सवार दो युवकों को गिरफ्तार कर मादक पदार्थ, कार और दो मोबाइल फोन जब्त किए हैं। जब्त माल की कीमत करीब 3 लाख 20 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस अब मादक पदार्थ के स्रोत और तस्करी से जुड़े नेटवर्क की जानकारी जुटा रही है।

सोमवार को टीम इलाके में भ्रमण कर रही थी। इसी दौरान भैरव मंदिर के सामने किला मैदान रोड पर एक अल्टो 800 कार संदिग्ध हालत में खड़ी दिखाई दी। पुलिस ने घेराबंदी कर कार में बैठे दोनों युवकों से पूछताछ की। संदेह होने पर कार की तलाशी ली गई तो डैशबोर्ड बॉक्स में 12 ग्राम एमडी ड्रग्स मिली। इसके बाद पुलिस ने मादक पदार्थ और कार जब्त कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। मामले में अपराध शाखा थाने पर प्रकरण दर्ज किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान समीर पटेल उम्र 22 साल और आबिर उर्फ आबिद अली उम्र 26 साल, दोनों निवासी किशनगंज थाना क्षेत्र, इंदौर देहात के रूप में हुई है। समीर आठवीं तक पढ़ा है और ट्रक बॉडी फर्निशिंग का काम करता है, जबकि आबिर सातवीं तक शिक्षित है और भंगार का काम करता है। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है कि एमडी ड्रग्स कहां से लाई गई थी, इसे किसे सप्लाई किया जाना था और इस कारोबार में अन्य कौन लोग शामिल हैं। मामले में डीसीपी राजेश त्रिपाठी ने बताया कि नशा तस्करी के खिलाफ क्राइम ब्रांच लगातार कार्रवाई कर रही है। किला मैदान रोड पर कार से एमडी ड्रग्स मिलने के बाद दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनसे मादक पदार्थ के स्रोत और नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के संबंध में पूछताछ की जा रही है।



**किला मैदान रोड पर क्राइम ब्रांच की कार्रवाई, 3.20 लाख रुपए का माल जब्त**

# एमडी ड्रग्स के साथ ज्वेलरी दुकान का कर्मचारी धराया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत क्राइम ब्रांच की टीम ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने शांतिपथ चौराहा स्थित शिवालय मार्ग से घेराबंदी कर एक संदिग्ध युवक को पकड़ा, जिसके कब्जे से 12.33 ग्राम अवैध एमडी ड्रग्स बरामद की गई है। पकड़ा गया आरोपी रानीपुर में एक ज्वेलरी की दुकान पर काम करता है।

एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के अनुसार, पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त और चेकिंग पर तैनात थी। उसी दौरान शिवालय मार्ग, शांतिपथ चौराहा के पास एक युवक पैदल जाता हुआ दिखाई दिया, जो पुलिस वाहन को देखते ही घबराने लगा और भागने की कोशिश करने लगा। संदेह होने पर टीम ने तुरंत घेराबंदी कर उसे रोक लिया।?पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम रिषभ चौहान निवासी परदेशीपुरा बताया। जब उसके पास मौजूद काले रंग के बैग की तलाशी ली गई, तो उसके अंदर से 12.33 ग्राम अवैध एमडी ड्रग्स और एक मोबाइल फोन बरामद हुआ। जप्त की गई ड्रग्स और सामग्री की कुल अनुमानित कीमत लगभग 1,20,000 रुपये बताई जा रही है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी रिषभ आठवीं तक शिक्षित है और रानीपुरा स्थित एक ज्वेलरी की दुकान पर काम करता है। आरोपी का पूर्व से भी आपराधिक रिकॉर्ड रहा है; उसके खिलाफ थाना परदेशीपुरा में मारपीट व अन्य धाराओं के तहत आपराधिक प्रकरण पहले से दर्ज है।?थाना अपराध शाखा इंदौर में आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अब आरोपी से यह पूछताछ कर रही है कि वह यह ड्रग्स कहां से खरीदकर लाया था और इंदौर में किसे सप्लाई करने जा रहा था। इस नेटवर्क के अन्य गिरोहों व सप्लायरों के संबंध में विस्तृत जांच जारी है।



**शांतिपथ चौराहा के पास से पकड़ाया आरोपी,बैग में छिपाकर ले जा रहा था 1.20 लाख की ड्रग्स**

# सस्ते में माल देने का लालच देकर 25 लाख ठगे

**होटल में बुलाया और रुपयों से भरा बैग हड़पा खाली बैग थमाया**

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**विजयनगर थाना क्षेत्र में ठगों ने एक व्यापारी को सस्ते दामों पर फाइबर का माल उपलब्ध कराने का लालच देकर 25 लाख रुपए की नकदी ठग ली। शातिर आरोपियों ने व्यापारी को एक होटल में बुलाया और पैसों का ब्रीफकेस अपने पास रखकर उसमें खाली बैग और डायरियां थमाकर रफूचक्कर हो गए।**

पुलिस के अनुसार, यह वारदात गत 16 सितंबर को हुई थी, जब फाइबर कंपनी के संचालक फरियादी अंकुर शर्मा की मोबाइल पर आरोपियों से बातचीत हुई थी। आरोपियों ने उन्हें कम कीमत पर फाइबर दिलाने का सौदा तय किया था। इसके बाद 10 अक्टूबर को आरोपी इंदौर पहुंचे और उन्होंने विजयनगर स्थित होटल वॉव क्रिसेंट के कमरा नंबर 617 में व्यापारी के भाई संतोष तिवारी को 25 लाख रुपए नकद लेकर बुलाया। फरियादी के भाई जब पैसे लेकर होटल पहुंचे, तो आरोपियों ने उनसे 25 लाख रुपए का ब्रीफकेस ले लिया और कहा कि एक घंटे के भीतर ट्रांसपोर्ट नगर में माल की डिलीवरी हो जाएगी और रुपए भी वहीं देने होंगे। इसके बाद आरोपियों ने वही ब्रीफकेस वापस उनके भाई को थमा दिया। जब भाई दुकान पहुंचे और ट्रांसपोर्ट नगर जाने के लिए निकले, तो आरोपियों का फोन बंद मिलने पर उन्हें संदेह हुआ। ब्रीफकेस खोलकर देखने पर उसमें रुपए की जगह सिर्फ एक बैग और कुछ डायरियां मिलीं। जब तक वे वापस होटल पहुंचे, आरोपी वहां से फरार हो चुके थे। विजयनगर थाना पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी रामचंद्र मलिक और अनिल कुमार के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर लिया है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।